* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 68

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर चलपति राव नहीं रहे

मन की बात : वर्ष 2022 का आखिरी एपिसोड

पीएम ने बुंडू के बैंबू क्लस्टर हाउस के कार्यों को सराहा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। बुंडू अनुमंडल के बैंबू क्लस्टर की चर्चा आज राष्ट्रीय स्तर पर उस समय हुई, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में क्लस्टर हाउस के कार्यों की जम कर सराहना की और इसे ग्रामीण भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में कारगर कदम बताया। मन की बात कार्यक्रम के 96वें एपिसोड में पीएम ने कहा कि यह 2022 वर्ष का आखिरी एपिसोड है। पीएम मोदी ने लोगों से महामारी से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मास्क और सैनिटाइजेशन का ज्यादा ध्यान रखना है। हम सावधान रहेंगे, तो सुरक्षित भी रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि इस साल देश ने नयी रफ्तार पकड़ी है। 2022 की विभिन्न सफलताओं ने पूरे विश्व में भारत के लिए एक विशेष स्थान बनाया है। इस कार्यक्रम में बुंडू में संचालित बुंडू बैंबू क्लस्टर की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड में भी अब त्रिपुरा की तर्ज पर बांस से बने सामान को तैयार कर पूरे भारत में इसकी आपूर्ति की जायेगी। इसके लिए प्रत्येक किसान को उच्चतम क्वालिटी के बांस के पौधे दिये जायेंगे, जिससे किसानों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर यहां के आदिवासियों को स्वरोजगार से जोड़े जाने की योजना सरकार द्वारा की गयी है।

बुंडू बैंबू क्लस्टर की योजना से आदिवासियों का उत्थान होगा

स्वरूप भट्टाचार्य

बुंडू। बुंडू हाइस्कूल रोड में भारत सरकार स्फूर्ति योजना अंतर्गत बुंडू बैंबू क्लस्टर की योजना झारखंड सरकार मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की टेक्निकल एजेंसी जिडको द्वारा चलायी जा रही है। इसमें शिविका शिल्प कला सहकारी सहयोग लिमिटेड द्वारा केंद्र सरकार की पहल पर ग्रामीण क्षेत्र की महिला एवं बच्चों को बांस से तरह-तरह की डिजाइन के सामान बना कर बाजार में बेचने की योजना है। इसका निर्माण कार्य तीन वर्षों से चल रहा है। इसमें अत्याधुनिक मशीन लगायी गयी है।

बता दें कि पिछले दिनों उपायुक्त रांची द्वारा भी इसका निरीक्षण किया गया। इस इलाके में बांस की पैदावार बहुत अधिक होती है। इस योजना से आदिवासी परिवारों का जीवन उत्थान होगा और धीरे-धीरे कुटीर उद्योग का दर्जा मिल जायेगा। इस योजना के अंतर्गत जो भी लोग यहां ट्रेनिंग लेंगे, उन्हें संस्था की ओर से मानदेय भी दिया जायेगा।

अटल को याद करते हुए किस्सा सुनाया

पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजयेपी को याद किया। उन्होंने कहा कि वे एक महान राजनेता थे, जिन्होंने देश को असाधारण नेतृत्व दिया। हर भारतवासी के हृदय में उनके लिए एक खास स्थान है। पीएम ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मुझे कोलकाता से आस्था नाम की लड़की का एक लेटर मिला। इसमें उन्होंने हाल की अपनी दिल्ली यात्रा का जिक्र किया है। वह लिखती हैं कि इस दौरान उन्होंने पीएम म्यूजियम देखने के लिए समय निकाला। इस म्यूजियम में उन्हें अटल जी की गैलरी खूब पसंद आयी।

2025 तक भारत को टीबी मुक्त करना है

पीएम मोदी ने कहा कि हमने भारत से स्मॉल पॉक्स, पोलियो जैसी बीमारियों को खत्म करके दिखाया है। सबकी कोशिश से कालाजार नाम की ये बीमारी अब तेजी से खत्म हो रही है। इसी भावना से हमें भारत को 2025 तक टीबी मुक्त करना है। आपने देखा होगा कि बीते दिनों जब टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ, तो हजारों लोग मरीजों की मदद के लिए आगे आये। पीएम मोदी ने कहा कि 6 करोड़ से ज्यादा लोगों ने तो तिरंगे के साथ सेल्फी भी भेजी। आजादी का ये अमृत महोत्सव अभी अगले साल भी ऐसे ही चलेगा। अमृत काल की नींव को और मजबूत करेगा।

हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल

चुनावी वादों की कसौटी पर अब तक खरे उतरे हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

- सरना धर्म कोड से लेकर आरक्षण तक के मुद्दों पर लिया स्टैंड
- सियासी मकड़जाल से बाहर निकल कर जनता के बीच पहुंचे

अजय शर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। हेमंत सोरेन की सरकार चार दिन बाद अपना तीसरा बर्थ डे मनायेगी। आम तौर पर यह जिम्मेदारियों के प्रति संकल्प दोहराने का दिन होता है और होना भी चाहिए, लेकिन साथ ही इस तीन साल की अवधि के दौरान अलग-अलग कसौटियों पर सरकार को कसने की भी जरूरत है। अपने कार्यकाल का आधा से अधिक हिस्सा पूरा करने के बाद हेमंत सोरेन एक मुख्यमंत्री के रूप में कहां खड़े हैं और उनके नेतृत्व में झारखंड कहां खड़ा है, इसका मूल्यांकन होना ही चाहिए। हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल के कार्यकाल को यदि एक वाक्य में समेटना हो, तो आराम से कहा जा सकता है कि इस सरकार ने और उससे भी अधिक इसके मुखिया, यानी मुख्यमंत्री ने चुनावी वादों को पूरा करने की दिशा में कई बड़े कदम उठाये हैं।

कार्यकाल की शुरुआत में ही वैश्विक महामारी कोरोना के कारण

लड़खड़ाती व्यवस्था को पटरी पर रखने के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी राजनीतिक राह में आयी तमाम बाधाओं को बड़ी कुशलता से पार किया। सत्ता संभालने से पहले उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार का हर फैसला झारखंड के हित में होगा और अब तक के फैसले उनकी इस बात को साबित भी करते हैं। चाहे सरना धर्म कोड का फैसला हो या आरक्षण का, स्थानीयता नीति का मुद्दा हो या आदिवासियों की जमीन वापसी का, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर मुद्दे पर निर्णायक कदम उठाये। यह अलग बात है कि उनके फैसलों को अदालतों ने रद्द या स्थगित कर दिया।

क्या-क्या होगा 29 दिसंबर को

29 दिसंबर को हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल पूरे हो रहे हैं। उस दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित होनेवाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डीबीटी के माध्यम से राज्य के 10 लाख किसानों को सूखा राहत राशि प्रदान करेंगे। इसके अलावा 25 लाख प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और 5.60 लाख बच्चियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ का तोहफा देंगे। कुल 12 सौ करोड़ रुपये की राशि का वितरण होगा। इसके अलावा कई मॉडल स्कूल भवनों का उद्घाटन होगा और इंफ्रा प्रोजेक्ट और स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टलों का भी शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह संकल्प व्यक्त कर चुके हैं कि उनकी सरकार आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित सहित सभी वर्गों को उनका हक-अधिकार देगी।

तिहाड़ में बंद सत्येंद्र जैन की सुविधाओं में कटौती

- बाहरी लोगों से भी नहीं मिल पायेंगे, जेल मैनुअल के उल्लंघन के बाद लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की सुविधाएं घटा दी गयी हैं। जैन के सेल से कुर्सी, टेबल और दरी भी हटा दी गयी है। अब उनकी सेल में सिर्फ टीवी है। यह सजा उन्हें 15 दिनों के लिए मिली है। इस दौरान वह किसी से मिल भी नहीं पायेंगे।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से गठित कमेटी की सिफारिशों के बाद यह फैसला लिया है। नवंबर में सत्येंद्र जैन की कुछ फुटेज सामने आयी थीं, जिनमें उनको सेल में सुविधाएं लेते देखा गया था। फुटेज में कई कैदी सेल में उनकी मालिश करते दिखे थे। उनकी सेल में कुर्सी, टेबल, दरी भी नजर आयी थी, जो जेल के नियम के खिलाफ है।

अब कांग्रेस के तीन विधायकों को नोटिस करने की तैयारी में है इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अब कांग्रेस के तीन विधायकों को पूछताछ के लिए इडी सम्मन करने की तैयारी में है। जल्दी तीनों को बुलाया जायेगा। इसमें जामताड़ा के विधायक इरफान अंसा, खिजरी के राजेश कच्छप और सिमडेगा के नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हैं। इन तीनों विधायकों को कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई को 49 लाख रुपये कैश के साथ गिरफ्तार किया था। आरोप लगा था कि यहे तीनों सरकार गिराने की साजिश में शामिल थे और पैसा उसी मद का था। हालांकि तीनों विधायकों ने बाद में कहा था कि वे साड़ी, धोती और फुटबॉल खरीदने गये थे, ताकि अपने-अपने इलाके में उसे आदिवासियों के बीच बांटा जा सके। इस संबंध में कोलकाता में मामला दर्ज हुआ और तीनों विधायक जेल भी गये थे। वे अभी जमानत पर हैं।

इस घटना के अगले दिन 31 जुलाई को बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाना में जीरो एफआइआर दर्ज कराया था और यह आरोप लगाया था कि सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है और इसके लिए 10-10 करोड़ का ऑफर विधायकों को दिये गये थे। इसी मामले की जांच इडी कर रही है। इडी को शक है कि इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। शनिवार को विधायक अनूप सिंह से पूछताछ हो चुकी है। अब आरोपी विधायकों की बारी है।

इडी साजिश तक पहुंचना चाहती है

इस मामले में साजिशकर्ता से लेकर उन सभी विधायकों तक इडी पहुंचना चाहती है, जो सरकार गिराने के षड्यंत्र में शामिल थे। इन्हें किस तरह का प्रलोभन मिला था। किसने प्रलोभन दिया था और इनके पास से बरामद पैसा किसका था। अब ये सवाल इन तीन विधायकों से किये जायेंगे।



मुख्यमंत्री ने वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

शहीदों को पूरा सम्मान और अधिकार देने के लिए सरकार कृतसंकल्पित : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। वीर शहीद निर्मल महतो की 72वीं जयंती पर सीएम हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर के कदमा, उलियान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उनके आवास स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आज पूरा राज्य उन्हें याद और नमन कर रहा है। वह झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से झारखंड अलग राज्य आंदोलन और संघर्ष को ताकत और धार दी थी। इस खातिर उन्होंने अपनी कुर्बानी दे

दी। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं सकता है। हमें उनके सपनों और बताये गये पद चिह्नों पर चल कर झारखंड का का नवनिर्माण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय गुरुजी के नेतृत्व में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए कई वीरों ने अपनी शहादत दी थी। आज हम उन शहीदों के सपनों के झारखंड का निर्माण करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य आंदोलन के वीर- शहीदों को पूरा सम्मान और अधिकार देने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। शहीदों के परिजनों, आश्रितों को पेंशन के साथ नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण समेत कई अन्य सुविधाएं देने का निर्णय लिया है।

हर वर्ग और तबके के उत्थान और विकास के लिए कल्याणकारी योजनाएं : यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े, गरीब, किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें आच्छादित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार हमारे राज्य के आंदोलनकारियों ने सामंतवाद के खिलाफ आंदोलन कर अपनी बातों को रखा, उसी प्रकार आज हमें वंचितों, शोषितों, असहाय, गरीब एवं समाज के पिछड़े वर्ग के हक अधिकार के लिए अपनी आवाज को बुलंद करना है। इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, चंपई सोरेन सहित कई लोग मौजूद रहे।

सीएम ने किया ट्वीट

सीएम ने अपने ट्वीटर हैंडल से लिखा है कि झारखंडी माटी के वीर सपूत, महान झारखंड आंदोलनकारी, समस्त राज्यवासियों के आदर्श और प्रेरणास्रोत अमर वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर शत-शत नमन । वीर शहीद निर्मल महतो अमर रहें! झारखंड के वीर शहीद अमर रहें! जय झारखंड!

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,500 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

छपरा-सिवान में डूब गया बिहार का शराबबंदी कानून

■ और इसके साथ ही दांव पर चढ़ गयी है नीतीश की सियासत ■ आखिर प्रतिष्ठा में प्राण क्यों गंवा रहे हैं नीतीश कुमार

■ एक तरफ हो रहा चार हजार करोड़ के राजस्व का नुकसान ■ दूसरी तरफ इसके अवैध धंधे और भ्रष्टाचार ने ले लिया संस्थागत रूप

देश में शराबबंदी करनेवाले चौथे राज्य बिहार के छपरा, सिवान और दूसरे जिलों में पिछले दिनों जहरीली शराब से हुई 70 से अधिक मौतों ने नीतीश कुमार सरकार के इस फैसले की कलई खोल कर रख दी है। इन मौतों ने साबित कर दिया है कि बिहार में शराबबंदी केवल कागजों पर है। नीतीश कुमार का यह फैसला राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना गया था, क्योंकि इसने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर बैठा दिया था, हालांकि यह तल्ख हकीकत है कि इस फैसले ने बिहार में शराब के अवैध कारोबार को संस्थागत रूप प्रदान कर दिया और भ्रष्टाचार का दानव कुछ और विकराल हो गया। राज्य को करीब चार हजार करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ, सो अलग। अब जहरीली शराब कांड ने एक बार फिर नीतीश कुमार के शराबबंदी के फैसले पर सवालिया निशान लगा दिया है। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष से हमदर्दी रखनेवाले संगठन और लोग भी इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने लगे हैं। इनका कहना है कि आखिर जब चोरी-छिपे शराब बिक ही रही है, तो फिर इस पर रोक लगा कर राजस्व का नुकसान क्यों झेला जाये। वहीं कभी नीतीश के उत्तराधिकारी रहे जीतन राम मांझी ने तो यहां तक कह दिया कि बिहार के 60 फीसदी जन प्रतिनिधि और राजनीतिक लोग शराब का नियमित सेवन करते हैं। बिहार के बड़े-बड़े अधिकारी, विधायक, एमपी, मंत्री सब लोग रात 10 बजे अच्छी शराब पीते हैं। अब यह अच्छी शराब आती कहां से है, पता नहीं। ये लोग बॉर्डर क्रॉस कर थोड़े जाते होंगे रोज शराब पीने। ऐसे आम आदमी बॉर्डर पार कर थोड़ा टिका कर जरूर आता है बिहार में। टिकाने के बाद उसके मुंह से यह निकलने लगता है कि बिहार में बहार है। जो बॉर्डर नहीं क्रॉस करते हैं, वे जहरीली शराब की चपेट में आ जाते हैं। अब शराब पिया है, तो मरेगा ही। यह मैं नहीं कह रहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बयान है। बिहार में शराबबंदी के सच की परत-दर-परत उधेड़ने के साथ इसके सियासी असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

भगवान बुद्ध और तीर्थंकर महावीर की धरती बिहार एक बार फिर चर्चा में है और यह चर्चा हाल ही में राज्य के कई जिलों में जहरीली शराब से हुई मौतों के कारण से हो रही है। छपरा, सिवान, सारण और बेगूसराय समेत राज्य के कई जिलों में जहरीली शराब ने तांडव मचा रखा है। इस घटना ने राज्य में 1 अप्रैल, 2016 से घोषित पूर्ण शराबबंदी के फैसले को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। नीतीश कुमार ने जब शराबबंदी का फैसला किया था, तब उसे आधुनिक भारत का सबसे बड़ा और कठोर फैसला बताया गया था और इस एक फैसले ने नीतीश की लोकप्रियता को शिखर पर पहुंचा दिया था। लेकिन इस फैसले की हकीकत बेहद कड़वी है। गुजरात, त्रिपुरा और मणिपुर के बाद शराबबंदी करनेवाले चौथे राज्य बिहार में शराब की खपत आज भी महाराष्ट्र, तेलंगाना और गोवा की तुलना में ज्यादा है।

शराबबंदी लागू होने के कुछ दिन पहले ही एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक महिला ने बिहार में शराब की दुकानों को लेकर शिकायत की थी। नीतीश कुमार ने उस महिला को आश्वस्त किया था कि वह बिहार में शराबबंदी कानून लागू करेंगे। नीतीश ने वादा पूरा तो किया, लेकिन अब यही कानून उनके गले का फांस बन चुका है। शराबबंदी के समय नीतीश कुमार राजद के साथ मिल कर सरकार चला रहे थे और संयोग से आज भी सरकार का स्वरूप यही है। लेकिन जहरीली शराब का सारा ठीकरा नीतीश कुमार पर फूट रहा है। सत्ता में साझीदार राजद सरकार के मुखिया की मजबूरी पर केवल मुस्कुरा रहा है। उसके दोनों हाथों में राजनीतिक लड्डू है। 2017 में नीतीश राजद से अलग हुए और तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष बने, तब उन्होंने शराबबंदी को लेकर नीतीश कुमार को घेरना शुरू कर दिया। तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा था कि बिहार में शराब की होम डिलीवरी नीतीश कुमार की पुलिस ही करवा रही है। इसके अलावा कांग्रेस, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा समेत महागठबंधन में शामिल कुछ और दलों ने भी कठोर शराबबंदी कानून की आलोचना की। कभी नीतीश के उत्तराधिकारी रहे जीतन राम मांझी ने तो यहां तक कह दिया कि बिहार के 60 फीसदी जन प्रतिनिधि और राजनीतिक लोग शराब का नियमित सेवन करते हैं। बिहार के बड़े-बड़े अधिकारी, विधायक, एमपी, मंत्री सब लोग रात 10 बजे अच्छी शराब पीते हैं।

जहरीली शराब कांड के बाद लोग कटाक्ष भरे लहजे में कहते हैं कि बिहार में शराब ईश्वर की तरह है, जो मौजूद तो हर जगह है, लेकिन दिखाई सिर्फ उन्हें देता है, जो उसके सच्चे भक्त हैं। यानी लोगों का यह कहना है कि बिहार में हर जगह शराब मौजूद है और पीने वाले को आसानी से उपलब्ध हो जाती है। लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत की वजह से शराब माफिया धड़ल्ले से बिहार में शराब की बड़ी खेप पहुंचा रहे हैं। शहर में तो शराब चोरी-छिपे बेची जा रही है, लेकिन गांवों में तो हालात बदतर है। खुलेआम पुलिस की नाक के नीचे न सिर्फ शराब बेची जा रही है, बल्कि लोग वहां शराब पी भी रहे हैं।

यह भी एक हकीकत है कि 2005 से 2015 के बीच बिहार में शराब दुकानों की संख्या दोगुनी हो गयी। शराबबंदी से पहले बिहार में शराब की करीब छह हजार दुकानें थीं और सरकार को इससे करीब चार हजार करोड़ रुपये का राजस्व आता था। बिहार में शराबबंदी कानून के प्रावधान काफी कड़े हैं। यही वजह रही कि बीते साढ़े पांच साल में करीब तीन लाख लोगों को शराबबंदी के उल्लंघन पर जेल हुई। इनमें करीब चार सौ से अधिक लोगों को सजा मिली। आज स्थिति ऐसी हो गयी है कि कोई भी दिन ऐसा नहीं बीतता, जब राज्य के किसी ना किसी कोने से शराब की बरामदगी और शराबबंदी कानून तोड़ने की खबरें सुर्खियां ना बनती हों।

बिहार के जनजीवन में शराब का स्थान जानने के लिए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) 2020 की रिपोर्ट काफी है। इसके अनुसार ड्राइ स्टेट होने के बावजूद बिहार में महाराष्ट्र से ज्यादा लोग शराब पी रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में 15.5 प्रतिशत पुरुष शराब पीते हैं। महाराष्ट्र में शराब प्रतिबंधित नहीं है, लेकिन शराब पीने वाले पुरुषों की तादाद वहां 13.9 फीसदी ही है। अगर शहर और गांव के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 15.8 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 14 फीसदी लोग शराब पीते हैं।

यह भी हकीकत है कि शराबबंदी के बावजूद बिहार में शराब आसानी से उपलब्ध है। यह अलग बात है कि लोगों को दो या तीन गुनी कीमत चुकानी पड़ती है, चाहे शराब देशी हो या विदेशी। पीने का शौक पूरा करने के लिए लोग झारखंड, यूपी या नेपाल तक चले जाते हैं। शराब पीने के शौकीन लोगों को अगर झारखंड या उत्तरप्रदेश से किसी समारोह का निमंत्रण मिलता है, तो वे अंदर ही अंदर बहुत खुश होते हैं। वैसे शराबबंदी के बावजूद बिहार में शराब के शौकीनों के लिए होम डिलिवरी की भी व्यवस्था है। यह सब कानून लागू होने के बाद हुआ। शुरू में कुछ दिनों तक लगा कि वाकई लोगों ने शराब से तौबा कर ली है। इसका सबसे ज्यादा फायदा निचले तबके के लोगों को मिला। परिवारों में खुशियां लौटीं। हालांकि समय के साथ धीरे-धीरे शराब शहर क्या, दूरदराज के इलाकों तक पहुंचने लगी। हालत यह है कि पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम राज्य में हर घंटे औसतन 1341 लीटर शराब जब्त कर रही है। जाहिर है, इतना बड़ा खेल संगठित होकर ही किया जा रहा है। भारी मात्रा में शराब की बरामदगी से साबित होता है कि शराब व्यापारियों के सिंडिकेट को सरकार नहीं तोड़ पा रही है। आज तक किसी बड़ी मछली को नहीं पकड़ा जा सका है। पकड़े गये अधिकतर लोग या तो शराब पीने वाले हैं या फिर इसे लाने के लिए कैरियर का काम करने वाले हैं। यही कारण है कि बिहार में जहरीली शराब भी बिकती है और लोग इसे पीकर मर भी रहे हैं। इस अवैध कारोबार के फलने-फूलने में पुलिस भी पीछे नहीं है। इसका पता तब चला, जब साल 2018 में कैमूर में जब्त कर रखी गयी 11 हजार बोतल शराब के बारे में पुलिस ने अदालत को बताया कि चूहों ने शराब की बोतलें खराब कर दीं। एक अन्य घटना में पुलिस ने नौ हजार लीटर शराब खत्म होने का दोष चूहों के मत्थे मढ़ दिया। छपरा में जहां इस बार जहरीली शराब कांड हुआ, वहां के थाने से 25 हजार लीटर स्प्रिट ही गायब हो गयी थी। आशंका है कि इसी स्प्रिट से जहरीली शराब बनायी गयी थी।

बिहार की सच्चाई यही है कि शराब का अवैध कारोबार करने वालों ने समानांतर अर्थव्यवस्था कायम कर ली है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिहार में किसी भी ब्रांड की शराब की एक बोतल की कीमत पड़ोसी राज्यों के मुकाबले तीन सौ रुपये अधिक है। यह कारोबार अवैध है, लेकिन धड़ल्ले से चल रहा है।

इन तमाम नकारात्मक पहलुओं ने शराबबंदी के फैसले को वापस लेने की मांग को मजबूती प्रदान की है। विपक्ष ने इस तरह के दोषपूर्ण फैसले के लिए नीतीश कुमार को घेरा है और कहा है कि शराबबंदी अब प्रतिष्ठा में प्राण गंवाने जैसा हो गया है। इसलिए इसे वापस लिया जाना चाहिए। सरकार और नीतीश कुमार की नीतियों के समर्थक संगठन भी कहते हैं कि आज दो-तीन गुना कीमत पर लोग शराब खरीद कर पी रहे हैं। महंगी देशी-विदेशी शराब खरीदने के कारण गरीब परिवार भी आर्थिक बोझ से दब गया है। सरकार को चार से पांच हजार करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं इससे दोगुनी राशि शराब माफिया और उससे जुड़े लोगों की जेब में जा रही है। इस कानून की हकीकत अब कुछ और ही है, इसलिए इसकी समीक्षा कर शराब की कीमत दो-तीन गुना बढ़ा कर शराबबंदी खत्म की जाये।

लोहरदगा में पांच साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। झारखंड के लोहरदगा जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत आरिया आदिवासी टोला में शनिवार देर शाम गांव के ही एक युवक ने एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला घोंट कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित उग्र ग्रामीणों ने युवक की पिटाई करते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही बगड़ू थाना पुलिस आरिया पहुंच आरोपी को गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान अरिया गांव निवासी लक्ष्मण उरांव के 19 वर्षीय पुत्र इंदर उरांव के रूप में हुई है। बच्ची की मां ने आपबीती बताते हुए कहा कि देर शाम इंदर पांच वर्ष की अबोध बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने गांव से बाहर ले गया, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया और अकेले गांव आ गया। जब आस पड़ोस और परिजनों ने आरोपी इंदर उरांव के साथ बच्ची को नहीं देखा तो बच्ची के बारे के पूछने लगे तो आरोपी इंदर ने बहाने बना कर टाल दिया। बाद में मामला सामने आया। घटना से पूरे गांव के लोग आक्रोश में हैं और कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीण और परिजनों ने थाने पहुंच कर दुष्कर्म कर गला घोंट हत्या करने का मामला दर्ज कराया है और न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी को फांसी देने की मांग की है।

19 साल का आरोपी गिरफ्तार

पूरे मामले पर बगड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह का कहना है कि आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बगड़ू थाने में हत्या और दुष्कर्म की धारा 302, 376 और पॉस्को एक्ट लगाया गया है।

घटना से गांव समाज में छाया मातम, नेताओं के प्रति नाराजगी

बगड़ू थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरेया में बीते शनिवार को हुई दिल दहला देने वाली घटना से जहां परिवार वालों में कोहराम मच गया है। वहीं ग्राम पंचायत अरेया के लोगों में मातम छा गया है। इस बीच गांव समाज के लोगों का कहना है कि आरोपी इंदर उरांव ने जो घिनौना कार्य किया है उसके लिए उसे फांसी की सजा मिले फिर भी कोई गम नहीं होगा। हालांकि गांव समाज के लोगों में थोड़ी मायूसी भी है। गांव के लोगों का कहना है कि इतना बड़ी घटना अरेया गांव में घटी है लेकिन पंचायत समिति सदस्य शाहनाज खातून, वार्ड सदस्य संगम कुमारी और प्रज्ञा केंद्र संचालक वसीम अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य व्यास साहु के अलावा कोई भी नेता कार्यकर्ता परिजनों को ढांढस देने नहीं पहुंचे हैं। जिससे गांव समाज के लोगों ने राजनीतिक दल के नेताओं व प्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि सबसे बड़ी बात यह है कि जिस ग्राम पंचायत में इतनी बड़ी घटना घटित होती है और उस पंचायत की मुखिया घटना की जानकारी लेना मुनासिब नहीं समझती हैं ऐसे में गांव पंचायत के लोगों का मुखिया यशोदा उरांव के प्रति ज्यादा नाराजगी है। ग्रामीणों की मानें तो मुखिया यशोदा उरांव को घटना के तुरंत बाद ही फोन कर सूचना दी गयी थी।

पोस्टमार्टम के लिए शव रिम्स रेफर

बीते शनिवार को बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया में एक अबोध बच्ची को गांव के ही दरिंदा इंदर उरांव ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दिया। इधर सूचना मिलने पर बगड़ू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया था जहां पर सदर अस्पताल प्रबंधन ने बच्ची के शव की हालात ठीक नहीं होने की वजह से पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जिससे परिजन काफी परेशान हैं।

सांसद विजय हांसदा ने बंधाया ढांढ़स

रेबिका हत्याकांड: परिजनों को मिलेगी आठ लाख रुपये की आर्थिक मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

दुमका। झारखंड के दुमका के साहिबगंज-बोरियो में रेबिका पहाड़िया हत्याकांड में राजमहल लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा मृतका के पैतृक गांव गोंडा पहाड़ घर पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिल कर ढांढ़स बंधाया। उन्होंने परिजनों को सरकार की तरफ से सभी प्रकार का लाभ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने रेबिका पहाड़िया की कब्र पर जाकर मोमबत्ती जला कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि घटना मानवीय नहीं है और सरकार की संवेदना मृतिका के परिजनों के साथ है।

उन्होंने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आरोपियों के साथ किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी और कड़ी कार्रवाई होगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला विचाराधीन है। समेकित जनजातीय विकास अभिकरण साहिबगंज की ओर से मृतिका रेबिका पहाड़िया के अभिभावक सुरजा पहाड़िया को वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम संशोधन नियम 2017 नियम-15 के तहत अधिसूचना राहत राशि के तौर पर चार लाख 12 हजार 5 सौ रुपये का चेक रेबिका के परिजनों को दिया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद ने कहा कि रेबिका की हत्या हुई है, जिसके तहत राहत राशि आठ लाख 25 हजार पीड़िता के परिवार को मिलेगी। प्रथम एफआइआर होने के बाद चार लाख 12 हजार 5 सौ रुपये की राशि का स्वीकृति पत्र दिया गया है। जल्द ही यह पैसा अकाउंट में ट्रांसफर किया जायेगा। बाकी की राशि आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मिलेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव शामू हेम्ब्रम, झामुमो नेता स्टीफन मुर्मू, जेठा मरांडी, पूर्व प्रखंड सचिव रिजवान अंसारी, हेमलाल हेंब्रम, जॉर्ज मरांडी, बेटका मुर्मू, लक्ष्मण हांसदा, मरांग बेसरा, रमेश मुर्मू, मांझी मरांडी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोहरदगा में मंगेतर से मिलने गयी युवती से सामूहिक दुष्कर्म

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ पांच से सात युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती ने कुडू थाना में सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। युवती को मेडिकल जांच के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है। सभी आरोपित फरार बताये गये हैं। युवती के अनुसार घटना शनिवार शाम की है। वह लगभग चार बजे मंगेतर से मिलने के लिए कोलसिमरी दोहर पहुंची थी। वह मंगेतर के साथ बैठ कर बातचीत कर रही थी। इसी बीच पांच से सात युवक मौके पर पहुंचे तथा मंगेतर के साथ मारपीट करते हुए युवती को पकड़ लिया। उसका मंगेतर युवती को छोड़कर भाग निकला। इसके बाद युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वह किसी प्रकार गांव पहुंची तथा ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। युवती ने पुलिस को बताया कि युवकों को नहीं देख पायी थी। इसलिए पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने युवती के बयान पर पांच से सात युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.6 °c	16.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.10 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.27 बजे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोर ग्रुप की बैठक

झारखंड में भाजपा की अनुकूलता है तो चुनौती और अवसर भी : सुनील बंसल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में कोर ग्रुप के सदस्यों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सुनील बंसल ने कहा कि झारखंड में भाजपा की अनुकूलता है। इसलिए चुनौतियां भी हैं, जिसे हम सब मिल कर अवसर में बदलें। कहा कि जिलों की तरह अब पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बिंदु मंडल बने, इस दिशा में अब लगातार कार्य करने की आवश्यकता है।

स्व अटल जी को दी श्रद्धांजलि : इससे पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रविवार सुबह में रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद विधानसभा परिसर में पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पीएम के मन की बात सुनी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर पूरा करना है। पार्टी सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जनता के सहयोग से व्याप्त रावण राज को समाप्त करना है। कहा कि आज राज्य में चौतरफा भ्रष्टाचार व्याप्त है।

बैठक में मंच पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव मौजूद रहे। वहीं बैठक में कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

जन-जन में राज्य सरकार की दोहरी नीति को उजागर करें : बाबूलाल मरांडी

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को झारखंड में एक साथ दोनों मोर्चों पर कार्य करना है। हमें सांगठनिक संरचना को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। दूसरी ओर राज्य सरकार की नाकामियों को भी जोरदार ढंग से उठाना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। जांच एजेंसियों कार्रवाई तेज होने से परेशान राज्य सरकार अब नाकामियों को छुपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। कहा कि पहले 1932 की नीति को असंभव बताने वाले मुख्यमंत्री अब इसे लागू करने का ढोंग रच रहे हैं, लेकिन जनता सब समझ रही है। यह सरकार चाहे खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति हो या फिर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सभी मामलों में केवल जनता को गुमराह कर रही है। सरकार की नियत ठीक रहती तो नियोजन नीति को लागू करती तथा पिछड़ों काआरक्षण बढ़ाने के लिए आयोग गठित कर सर्वेक्षण कराती। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जन-जन तक राज्य सरकार की इस दोहरी नीति को उजागर करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कहा कि हमें उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।

निर्मल दा के विचार को जिंदा रखना हर झारखंडी की जिम्मेदारी : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि निर्मल दा के विचार, मूल्य और आदर्श को जिंदा रखना हर झारखंडी की जिम्मेदारी है। धरती पुत्र वीर शहीद निर्मल महतो का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है। सुदेश महतो रविवार को निर्मल महतो की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्मल दा का जीवन अलग राज्य की खातिर समर्पित था। झारखंड आंदोलन की अलख जलाये रखने और शोषण विहीन समाज के

निर्माण में निर्मल दा ने जो भूमिका अदा की, वह कभी भूली नहीं जा सकती। निर्मल दा के सपने के अनुरूप झारखंड के नवनिर्माण के लिए आजसू पार्टी की प्रतिबद्धता सदैव कायम रहेगी।

याद किया : झामुमो ने शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी

केंद्र सरकार का रवैया झारखंड के प्रति नकारात्मक : विनोद पांडेय

कहा- भाजपा को आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति द्वारा झारखंड आंदोलन के प्रणेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष वीर शहीद निर्मल महतो की 72वीं जयंती के अवसर पर रांची स्थित शहीद निर्मल महतो चौक पर अवस्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की मुख्य आतिथ्य में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आज भाजपानीत केंद्र सरकार का रवैया झारखंडियों के प्रति नाकारात्मक रहा है। इन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा है। किसी न किसी रूप में भाजपा आदिवासियों को कुचलने का काम कर रही है। झारखंड के शहीदों को भी मिटाने का काम कर रही है। आज हेमंत सोरेन की सरकार जिस तरह से काम कर रही है, सराहनीय है।

अगले 2024 के चुनाव में भी बहुमत की सरकार बनेगी। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, झामुमो केंद्रीय सदस्य पवन जेडिया, जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, पूर्व केंद्रीय सदस्य अफरोज अंसारी, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, लालजय नाथ शाहदेव, आदिल इमाम, जुलफीकार खान, डॉ तालकेश्वर महतो, डॉ बबलू राम, जावेद अख्तर अंसारी, जितेंद्र गुप्ता, मंटू लाला, सुनील साहू, परविंदर सिंह नामधारी, अजित नायक, रमेश साहू, सागर वर्मा, नयनतारा उरांव, मो कयूम, फरीद, उषा उरांव, परवेज आलम गुड्डू, नंदकिशोर चंदेल, राकेश वर्मा, राधा देवी, अजीत नायक, प्रदीप मिर्धा, नीरज वर्मा, मुकेश महतो, राहुल वर्मा, गोपाल पांडेय, ओम शर्मा, अजय उरांव, सूरज साहू, अरुण महतो, सुमित कुमार, सहज नाथ महतो, मंगल मिंज, राजेश सिंह, मो अकबर खुरैसी, सृजन, निखिल, सहनावज हुसैन, सद्दाम, कामरान, दिनेश तिग्गा, किशोर कुमार, नईम खान, मो साजिद, विपिन पांडे, मोहन गोस्वामी, विनीत सिंह, गौरव (माही), अमर कुमार महतो, राकुमार प्रजापति, नसीम खान, अब्दुला हबीब, आसिफ, अवधेश, सोमू बनर्जी, मोअदीब अशर्फी, रमजान आदि शामिल थे।

28 दिसंबर से 8 जनवरी तक लगेगा राष्ट्रीय खादी सरस मेला

मुख्यमंत्री राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव का 28 को करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को करेंगे। यह महोत्सव 28 दिसंबर से शुरू होगा और इसका समापन 8 जनवरी 2023 को किया जायेगा। यह महोत्सव आम लोगों के लिए सुबह दस बजे से रात के नौ बजे तक खुला रहेगा।

रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खादी बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में शामिल हुए लोगों को दी जायेगी। इसके लिए 100 से अधिक स्टॉल्स लगाये जायेंगे। इनमें लोग राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे और उन योजनाओं से जुड़ सकेंगे। बेसरा ने बताया कि महोत्सव में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप की भी

व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि खादी एवं सरस महोत्सव में कुल आठ सेक्शन के 320 स्टॉल होंगे, जिसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि झारखंड का प्रमुख त्यौहार सरहुल, मागे, सोहराई एवं टुसू और नृत्य के नाम पर छऊ, पाईका, झुमर एवं दसाई सभी सेक्शन के नाम पर रखे गये हैं। बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम 28 दिसंबर से 8 जनवरी तक आयोजित किये जायेंगे, इसमें पारंपरिक लोक नृत्य, गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे। वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे। इसलिए मुख्य स्टेज का नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम पर रखा गया है।

इस दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ भी लोग उठा पायेंगे। साथ ही कारपेट एरिया तरह-तरह के फर्नीचर, कुकरी आइटम्स और कालीन से गुलजार रहेगा।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

वृष कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

मिथुन कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।

कर्क शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

सिंह राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

कन्या प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।

तुला संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

धनु आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

मकर अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

मीन लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

सीएम ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी में बनने वाले वर्ल्ड ट्रेड सेंटर प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। रांची के कोर कैपिटल एरिया में मुख्यमंत्री ने 29 जुलाई 2022 को इसका शिलान्यास किया था। बता दें कि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के क्रियान्वयन में हो रही देरी के कारण केंद्र सरकार ने उसे रद्द करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद हेमंत सरकार ने खुद इसका जिम्मा उठाया है।

केंद्र सरकार ने तीन साल पहले की थी राशि आवंटित

केंद्र सरकार ने तीन साल पहले यानि 2019 में राशि आवंटित की थी। पिछली सरकार

44 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

के कार्यकाल में ही आवंटित राशि से उस वक्त काम शुरू नहीं हो सका और फिर चुनाव के कारण निर्माण कार्य नहीं हुआ। चुनाव के ठीक बाद कोविड-19 हुआ, जिससे तमाम परियोजनाएं रुकी रहीं। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के लिए उद्योग विभाग को लगभग एक वर्ष पूर्व जमीन आवंटित की गयी।

स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना उद्देश्य

44 करोड़ की लागत से बन रहे 3.45 एकड़ में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण कार्य जारी है। इस केंद्र से झारखंड के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण का उद्देश्य हर तरह की सुविधा को एक ही छत के नीचे लाना है।

पहल : मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंटक विवाद का किया पटाक्षेप

रेड्डी-ददई गुट को मिला मुकदमेबाजी बंद करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कांग्रेस के मजदूर संगठन इंटक में डेढ़ दशक से ज्यादा समय से चल रहे असली-नकली के विवाद को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटाक्षेप कर दिया है। जी संजीवा रेड्डी के नेतृत्व वाले इंटक को मान्यता दी गयी है। साथ ही इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेड्डी और इंटक के ददई गुट के अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे को निर्देश दिया गया है कि दोनों विभिन्न न्यायालयों में चल रहे मुकदमों को वापस ले लें।

पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विवाद निपटारे के लिए बनायी थी कमेटी

इंटक विवाद के निपटारे के लिए कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए डेढ़ साल पहले सोनिया गांधी ने 2 सदस्यीय कमेटी बनायी थी। इसमें मल्लिकार्जुन खरगे और दिग्विजय सिंह शामिल थे। दोनों ने इंटक के संबंधित पक्षों से बात कर सोनिया गांधी को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, उनके अध्यक्ष रहते विवाद पर निर्णय नहीं किया जा सका। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि जल्द ही विवाद का निपटारा होगा। इंटक के दोनों गुटों के नेताओं ने खरगे से मिलकर निर्णय लेने की अपील की थी। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने निर्णय कर दिया है। इंटक पर फैसले की जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

इंटक का जल्द होगा चुनाव

कांग्रेस महासचिव द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इंटक का जल्द चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जी संजीवा रेड्डी और चंद्रशेखर दुबे को आपस में बैठकर तमाम समस्याओं का हल निकालने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं होने पर निर्णय का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। क्योंकि विभिन्न न्यायालयों में दोनों गुटों की तरफ से मुकदमे बाजी चल रही है। इस कारण कई लोक उपक्रमों ने मजदूर कमेटियों से इंटक को बाहर कर दिया है।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

e-Procurement Notice No. 20 / 2022-23

Letter No.- CE/3277/1438 Date: 23.12.2022

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

Sl. No.	Tender Reference No.	Name of Work	Approximate value of work (in Rs.)	Cost of BOQ (in Rs.)	Earnest Money Deposit (in Rs.)	Period of Completion	For	Type of Bid
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	JPHCL/ GR01/ NIT20/ 2022-23	Construction of Internal Road, Peripheral Lighting and High Mast Lighting work at CTS, Musabani in the district of East Singhbhum	93062765.00	10000.00	931000.00	300 Days	Contractors registered / interested in registration	Item rate/ SBD

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 28.12.2022 at 11:00 AM to 11.01.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 11.01.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 12.01.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 16.01.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

युवा दस्ता ने परिचर्चा में अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में झारखंड छात्र परिषद और युवा दस्ता के द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व स्व अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद सह युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। परिचर्चा को संबोधित करते हुए राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि भारत के नव निर्माण के लिए छात्रों को पुनः जागृत होना होगा। उन्होंने इस दौरान स्व अटल बिहारी वाजपेयी के अधूरे सपने को पूरा करने का आह्वान किया। मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचारों को आम जनता तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में अमित सिंह, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, शाहिल कुमार, श्रवण कुमार, दीपक कुमार, सुनील रंजन सहाय, अरुण मिश्रा, लकी कुमार, प्रिंस ओझा सहित दर्जनों ने अपने विचार व्यक्त किये।

विकास के प्रणेता थे अटल बिहारी वाजपेयी: जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा प्रदेश समिति के सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने रांची के पहाड़ी मंदिर, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर सहित विभिन्न जगहों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संजय जयसवाल ने कहा कि अटल जी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जी के साथ संगठन में वैचारिक सिद्धांतों के साथ विभिन्न स्तरों पर कार्य किया। उनके ओजस्वी भाषण से जनता मंत्रमुग्ध हो जाया करती थी। वहीं दूसरी ओर कवि और संपादक के रूप में उनकी लेखनी भी अद्भुत थी। अपने संवाद कौशल से अपने सहयोगियों, पार्टी नेताओं को सक्रियता से लोगों से जोड़ने की उनकी अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने मोराबादी मैदान में आयोजित सभा में घोषणा की थी कि आप मुझे सांसद दो, मैं आपको झारखंड अलग

राज्य दूंगा और राजग की सरकार बनते ही झारखंड अलग राज्य का सपना पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला के मंत्री शुभम कुमार जयसवाल, सुखदेव नगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जयसवाल, जावेद खान, अविनाश राय, तरुण कुमार जयसवाल, रणधीर कुमार, नितेश कुमार, अंकित राजपाल, सुमित बड़ाईक, साकेत चौधरी, समीर कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

प्रशिक्षित अमीनों की स्थायी बहाली जल्द करे राज्य सरकार: अमन तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को झारखंड प्रशिक्षित अमीन एसोसिएशन का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एसोसिएशन के केंद्रीय संयोजक अमन तिवारी ने करते हुए राज्य सरकार से प्रशिक्षित अमीनों की स्थायी बहाली करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2017 में पिछली सरकार ने स्थायी अमीन की बहाली की थी। उस वक्त पूरे राज्य में प्रशिक्षित अमीनों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। रिक्त सीट के अनुपात में अभ्यर्थियों की कमी थी, जिसके कारण काफी सीटें रिक्त रह गयी थीं। उसके बाद पूरे राज्य में कई कॉलेजों में अमीन की एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरूआत हुई, तब से लेकर अभी तक हजारों की संख्या में प्रशिक्षित अमीन बेरोजगार बैठे हुए हैं। साथ ही उन्होंने संविदा पर अमीनों की नियुक्ति के बजाय स्थायी नियुक्ति करने की मांग रखी। बता दें कि पिछले चार वर्षों से अमीन एसोसिएशन स्थायी अमीनों की नियुक्ति को लेकर संघर्षरत है। उक्त बैठक में संघ के कई पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य शामिल हुए, जिनमें सहसचिव बीरेंद्र कुमार यादव, अखिलेश कुमार, अनिल महतो, रेखा कुमारी, भारत पांडेय, राहुल सिन्हा, परशुराम मानकी, राजू कुमार, नागेंद्र महतो, सतीश कुमार, अंकित कुमार, संजय सिंह, दिलेश्वर सिंह, रितेश साहू, दीपक महतो, अनिकेश कुमार आदि कई छात्र उपस्थित हुए।

रांची नगर निगम : अब नहीं बचेंगे फाइन से

नगर निगम अब क्यूआर कोड से वसूलेगा फाइन

इंफोर्समेंट टीम इ-पास और डेबिट कार्ड से भी लेगी फाइन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने में रांची नगर निगम इन्फोर्समेंट टीम की भी अहम भूमिका रहती है। वहीं टीम को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से पॉस डिवाइस के बेहतर इस्तेमाल को लेकर उन्हें अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही फाइन वसूलने में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया है, जिससे कि नगर निगम के टैक्स कलेक्शन में वृद्धि हो सके। साथ ही नगर निगम को ज्यादा से ज्यादा राजस्व प्राप्त हो। इंफोर्समेंट टीम अब क्यूआर



कोड और डेबिट कार्ड से भी फाइन वसूलेगी, जिससे कि किसी भी हाल में नियम का उल्लंघन करने वाले बच नहीं सकेंगे। बताते चलें कि पहले ही इंफोर्समेंट टीम को इ-पॉश मशीन और कैमरे से लैस कर दिया है।

2022 में कम हुई फाइन वसूली

नियमों का उल्लंघन करने पर रांची नगर निगम फाइन वसूल रहा है। इसके बावजूद लोग अपनी आदत नहीं सुधार रहे हैं। इसका फायदा रांची नगर निगम को मिल रहा है। हालांकि 2022 में नगर निगम ने अप्रैल से अक्टूबर तक 26 लाख रुपये से अधिक वसूल किये हैं। इसी को बढ़ाने के लिए नगर निगम ने टीम फाइन वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। निगम ने वर्ष 2017 से 2022 तक लगभग तीन करोड़ फाइन वसूला है। वर्ष 2017-2018 में 36 लाख, 2018-2019 में 66 लाख, 2019-2020 में 68 लाख, वर्ष 2020-2021 में 37 लाख, वर्ष 2021-2022 में 50 लाख जुर्माना वसूला था। किस कैटेगरी में फाइन वसूली नगर निगम ने पिछले पांच वर्षों में शहरवासियों से करीब तीन करोड़ का जुर्माना वसूला है। सिर्फ इस वर्ष करीब 27 लाख जुर्माना वसूल किया गया है। इसके बावजूद शहरवासी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। नगर निगम ने बिल्डिंग मैटेरियल, डस्टबिन नहीं रखने, अतिक्रमण, रोड परमिट उल्लंघन, अवैध बैनर पोस्टर, नो पार्किंग, प्लास्टिक बैग का उपयोग, अवैध बैंक्वेट हाल संचालन को लेकर उक्त फाइन वसूला है।

छेड़खानी का विरोध करने पर पति और भाई को मारकर किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सारे राह मोहल्ले की एक विवाहिता के साथ छेड़खानी करने पर उसके पति और भाई को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने पीड़िता के पति और भाई को टांगी और तलवार से मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी। साथ ही कान के झूमके और नोजपिन छीनकर ले गये। मामला रांची के सदर थाना छेत्र के बड़ागाईं का है। घटना रविवार शाम 6.30 बजे की है। इसे लेकर शहनाज बेगम ने सदर थाना में 5 नामजद (चार भाई और एक पिता) लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। साथ ही पीड़िता ने

यह भी बताया कि ये सभी लोग हमेशा इनके परिवार वालों को डराते धमकाते रहते हैं।

प्राथमिकी में शहनाज बेगम ने बताया कि रविवार को वो अपने मायके से अपने घर लौट रही थीं। लौटने के क्रम में शाम करीब 6.30 बजे नइम अंसारी, अकील अंसारी, शकील अंसारी, नसीम

पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगायी

अंसारी और इन चारों के पिता अमाल अंसारी ने गंदी गली देकर रास्ते में रोका। साथ ही छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर हल्ला सुन पीड़िता के पति आरिफ अंसारी और बड़े भाई हदीस अंसारी बचाने आये। विरोध करने पर नइम अंसारी ने छुपाकर रखे टांगी से पीड़िता के पति आरिफ अंसारी पर पीछे से हमला कर दिया। फिर अकील अंसारी और शकील अंसारी तलवार और लोहे की राड से पीड़िता के बड़े भाई हदीस अंसारी को मरने लगे और मुर्शीद अंसारी ललकार कर कहने लगा की मारो सालो को, जान से मार दो। पीड़िता के हमलोग का क्या कसूर है कहने पर आरोपियों ने उसे पटक दिया और बोलने लगे कि तुम यहां से भाग जाओ नहीं तो सभी परिवार वालों को जान से मार देंगे। उसी क्रम में पीड़िता के नाक और झुमका छिन कर ले गये। पीड़िता ने प्राथमिकी में यह भी कहा है कि ये लोग अक्सर हमारे परिवार वालों को डराते-धमकाते रहते हैं जिसके कारण वो भयभीत रहते हैं। पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगायी है। साथ ही आरोपियों पर कड़ी कारवाई की मांग की है।

बिरसा कृषि विवि: स्टेट कोटा के लिए 85 फीसदी सीटें आरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के इकलौते कृषि विश्वविद्यालय और इसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों की कुल सीटों में 85 फीसदी सीटें आरक्षित कर दी गयी हैं। वहीं 15 फीसदी सीटों को ओपन फॉर ऑल रखा गया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यहां एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। इस विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन बोर्ड की ओर से काउंसिलिंग की जाती है। काउंसिलिंग की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। अभी सत्र 2022-23 के लिए एडमिशन लिया जा रहा है। ऐसे में शैक्षणिक सत्र छह महीने पीछे चल रहा है।

ऐसा है काउंसिलिंग शेड्यूल

झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन बोर्ड की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और सीट एलॉटमेंट 30 दिसंबर तक होगा। वहीं किसी भी तरह की गलती अगर एप्लीकेशन में रह गयी है तो

छह महीने देर से एग्रीकल्चर सहित अन्य कॉलेजों में एडमिशन शुरू

31 दिसंबर तक उसमें सुधार किया जा सकेगा। इसके बाद प्रोविजनल एलॉटमेंट लेटर 4 जनवरी से 10 जनवरी तक जारी होगा। इसी लेटर के आधार पर स्टूडेंट्स को जिस कॉलेज में अलॉटमेंट मिलेगा, वहां 4 जनवरी 2023 से 10 जनवरी 2023 तक एडमिशन लेना होगा। पहले राउंड की काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गयी सीटों के लिए सेकंड राउंड की काउंसिलिंग 13 जनवरी 2023 से शुरू होगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर सीट एलॉटमेंट 16 जनवरी 2023 तक होगा। इसमें अगर गलती रह जाती है तो 17 जनवरी 2023 तक का समय दिया जायेगा, सुधार करने के लिए। इसके आधार पर 20 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक अलॉटमेंट लेटर जारी होगा। संस्थान अलॉट होने के बाद संबंधित संस्थान में 20 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक एडमिशन लेना होगा।

काउंसिलिंग के समय ओरिजिनल डॉक्यूमेंट दिखाना जरूरी

झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन बोर्ड के नोटिफिकेशन के अनुसार काउंसिलिंग के समय मांगे गये डाक्यूमेंट्स की ओरिजिनल कॉपी दिखानी होगी। अगर कोई स्टूडेंट्स पहले राउंड की काउंसिलिंग में एडमिशन ले चुका है, लेकिन वह संस्थान और कोर्स में परिवर्तन करना चाहता है तो वह दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होगा, जहां उन्हें फिर से सीट अलॉट किया जायेगा। बोर्ड ने यह कहा है कि दूसरे राउंड से जो कॉलेज या कोर्स अलॉट कर दिया जायेगा उसमें एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। क्योंकि वह दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होते ही पहले राउंड की काउंसिलिंग से मिले कोर्स और संस्थान का अलॉटमेंट रद्द हो जायेगा। काउंसिलिंग के लिए जेनरल, इडब्ल्यूएस, बीसी वन और बीसी टू कैटेगरी के उम्मीदवार को 400 रुपये और एससी, एसटी और महिला उम्मीदवार को 250 रुपये देने होंगे।

इन कॉलेजों में मिलेगा एडमिशन

फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर रांची।
फैकल्टी ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी रांची।
फैकल्टी ऑफ फॉरेस्ट्री रांची।
कॉलेज ऑफ बायो टेक्नोलॉजी रांची।
कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस गुमला।
सेंटर ऑफ एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट रांची।
रविंद्र नाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज देवघर
एग्रीकल्चर कॉलेज गढ़वा।
तिलका मांझी एग्रीकल्चर कॉलेज गोड्डा।
कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर वेस्ट सिंहभूम।
कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग रांची।
फूलो झानो मुर्मू कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी दुमका।

550 सीटों पर होगा एडमिशन

विभिन्न कोर्स और कॉलेजों में कुल 550 सीटें हैं, जहां के लिए एडमिशन लिया जाना है। इन 550 सीटों में से 50 फीसदी सीटें राज्य के लिए आवंटित कर दी गयी हैं। वहीं 15% सीटें ओपन फॉर ऑल हैं। ये सीटें केंद्र की आइसीएआर और वीसीआइ का कोटा है। सीट डिटेल्स की बात करें तो वेटरनरी कॉलेज में कुल 75 सीटों में 64 सीट पर झारखंड राज्य के स्टूडेंट का एडमिशन होगा और 11 सीटों पर वीसीआइ कोटा से नामांकन होगा।

पहल : ताजिकिस्तान में फंसे मजदूर सोमवार को दिल्ली पहुंचेंगे

झारखंड के 44 मजदूरों की आज होगी वतन वापसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूरों की सोमवार को वतन वापसी होगी। मजदूर सुबह 10:50 बजे उड़ान भरेंगे और 12:50 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। वापसी को लेकर परिजन खुश हैं। ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले के हैं। गिरिडीह के मजदूरों में बगोदर प्रखंड के अडवारा के संतोष महतो, सरिया प्रखंड अंतर्गत लुतयानो के तेजो महतो, चिचाकी के दशरथ महतो, नुनूचंद महतो,

गणेश महतो, डुमरी प्रखंड अंतर्गत दुधपनियां के नंदू कुमार महतो, खेचगढ़ी के प्रदीप महतो, चेगडो सोहन महतो, गिरि महतो, डुमरी के बीरेंद्र कुमार, घुजूडीह के नकुल महतो हैं। हजारीबाग जिले के मजदूरों में बिष्णुगढ़ अंतर्गत खरना तिलेश्वर महतो, प्रदीप गंजू, रामेश्वर महतो, महाबीर महतो, रीतलाल महतो, गोवेर्धन महतो, मितलाल महतो, भलुआ के जगदीश महतो, बासुदेव महतो, प्रेमचंद महतो, बरहमदेव महतो, गोविंदपुर बालेश्वर महतो, अशोक सिंह, जोबर के आयोध्या महतो, उमेश महतो, टेकलाल महतो, तालो महतो, बीरू सिंह, संतोष महतो, बंदखारो के मंगर महतो, नारायण महतो, कृष्णा कुमार मंडल, दिलीप महतो, विनय महतो, मनोज कुमार महतो, त्रिभुवन महतो, लालदेव महतो, बसंत मंडल तुलसी महतो, नेरकी के रोहित सिंह हैं। बोकारो जिले के मजदूरों में गोमियां प्रखंड अंतर्गत सिधाबारा के मुकेश महतो, महुआटांड के टीको महतो, बोकारो थर्मल के कमलेश अगरिया हैं।

बता दें कि पैसे कमाने के लिए दलालों के चक्कर में ये मजदूरों ताजिकिस्तान पहुंच गये। वहां समय पर तनख्वाह नहीं मिलने से उन्हें खाने-पीने में परेशानी होने लगी। इसकी जानकारी मजदूरों ने एजेंट को मोबाइल पर देने की कोशिश की। हालांकि, एजेंट ने मजदूरों का कॉल कभी रिसीव नहीं किया। हार कर मजदूरों ने प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली के माध्यम से घर वापसी की गुहार लगायी। सिकंदर अली ने तत्परता दिखाते हुए अपने प्रवासी व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक के माध्यम से सभी को इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद जनप्रतिनिधि एवं मंत्री ने उनकी घर वापसी के लिए हरसंभव उपाय कर बकाया वेतन दिलाने का प्रयास किया। इस प्रयास से मजदूरों की बकाया राशि का भुगतान हो गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

रवि रंजन कुमार विक्रम बने आइएएस

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सिविल सर्विस झारखंड कैडर के अधिकारी रवि रंजन विक्रम को भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। एससीएस कैडर में 2021 की रिक्तियों के विरुद्ध इन्हें आइएएस सेवा में लिया गया है। इन्हें झारखंड कैडर आवंटित किया गया है। इनकी नियुक्ति झारखंड प्रशासनिक सेवा से आइएएस के रिक्त पदों पर की गयी है।

सेंटेवीटा अस्पताल में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस

रांची (आजाद सिपाही)। सेंटेवीटा अस्पताल परिसर में रविवार को क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती मरीजों, चिकित्सकों, अस्पताल कर्मियों और मरीजों को शुभकामनाएं दी। साथ ही सेंटा-क्लॉज बन कर अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भी गिफ्ट और मिठाइयां बांटी गयीं। डॉक्टरों ने सभी लोगों को स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का संदेश भी दिया। साथ ही प्रभु ईशु से सभी को स्वस्थ रखने की प्रार्थना भी की। कार्यक्रम में सेंटेवीटा अस्पताल के निदेशक अमित साहू एवं उप-निदेशक रेशमा साहू शामिल हुए। उन्होंने अपनी टीम को जीवन में बेहतर कार्य और जीवन में संतुलन बनाये रखने के लिए अच्छे स्वास्थ्य का आह्वान किया। इस दौरान क्रिसमस ट्री को रंग-बिरंगे बैलून, आकर्षक बॉल, झालर, विभिन्न तरह के रंगीन बल्बों से सजाया गया।

तरन्नुम संगीत संस्थान में क्रिसमस का सेलिब्रेशन

रांची (आजाद सिपाही)। अंतू चौक मोराबादी स्थित तरन्नुम संगीत संस्थान में रविवार को केक काट कर क्रिसमस का सेलिब्रेशन किया गया। इसमें संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर मृणालिनी अखौरी के साथ संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति रही। इस मौके पर प्रिंस, जिज्ञासु, मोनिका, आतिश, लक्ष्मी, राजेश, निरंजन, युवान, किरण, ऋषभ, विदुषी, आरवी और रीवा आदि उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने रविवार को बिशप हाउस में आर्च बिशप परम फेलिक्स टोप्पो, प्रोविंशियल फादर अजीत खेश एवं असिस्टेंट डायरेक्टर एक्सआइएसएस फादर प्रदीप कर-केट्टा से मिलकर गुलदस्ता भेंट कर क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और साथ ही समस्त राज्यवासियों को प्रभू यीशु मसीह के जन्मोत्सव एवं क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेंद्र सिंह बेनी, प्रेम कुमार, पुनीत कुमार गौरव आनंद मौजूद थे।

गगनदीप कौर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची रेल मंडल द्वारा हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दिनांक 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित 43वीं अखिल भारतीय महिला रेलवे हॉकी चैंपियनशिप के अंतर्गत रविवार को को दोनों सेमी फाइनल मैच खेले गये। पहला सेमी फाइनल मैच न्यायाधीश बीबी मंगलमूर्ति की मुख्य उपस्थिती में रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं उत्तर मध्य रेलवे के बीच तथा दूसरा सेमी फाइनल मैच मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता की मुख्य उपस्थिती में दक्षिण पूर्व रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच खेला गया। रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला बनाम उत्तर मध्य रेलवे के बीच खेले गये पहले सेमी फाइनल मैच में रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला की टीम 3-2 गोल से विजयी रही। विजेता टीम की ओर से गगनदीप कौर ने 02 गोल एवं अमरिंदर कौर ने 01 गोल तथा उत्तर मध्य रेलवे की ओर से गुरजीत कौर एवं अंजलि गौतम ने 01-01 गोल किये। इस मैच में गगनदीप कौर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे बनाम मध्य रेलवे के बीच खेले गये दूसरे सेमी फाइनल मैच में मध्य रेलवे की टीम 4-2 गोल से विजयी रही। विजेता टीम की ओर से प्रीति दुबे ने 02 गोल, वंदना कटारिया एवं मोनिका मलिक ने 01-01 गोल किये तथा दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से अल्का डुंगडुंग एवं सलीमा टेटे ने 01-01 गोल किये। इस मैच में सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तंगबालन एस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार, कोचिंग डिपो अधिकारी सह मंडल क्रीडा अधिकारी राजीव रसिक, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह संयुक्त क्रीडा अधिकारी डॉ देबराज बनर्जी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक हॉकी स्टेडियम में मौजूद थे। चैंपियनशिप का फाइनल मैच रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं मध्य रेलवे के बीच तथा तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए मैच दक्षिण पूर्व रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे के बीच दिनांक 26/12/2022 को हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा।

बालू तस्करी : आखिर किसकी शह पर चल रहा है अवैध बालू धंधे का इतना बड़ा रैकेट, कौन दे रहा है बालू तस्करों को हौसला

अवैध बालू लदे हाइवा चालक ने एसडीपीओ को कुचलने का किया प्रयास

हाइवा छोड़ चालक हुआ फरार, रेकी कर रही अल्टो कार जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। अवैध बालू तस्करों ने शनिवार की रात बालू से लदे एक हाईवा के द्वारा चेकिंग कर रहे एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल को कुचल कर मार डालने का प्रयास किया। चेकिंग के दौरान जैसे ही हाईवा को रुकने का इशारा किया गया हाईवा ने अपनी गति और बढ़ा दी। इससे पहले कि पुलिस हरकत में आती पुलिस वाहन को टक्कर देते हुए हाईवा आगे बढ़ गया। इसी वाहन में एसडीपीओ बैठे थे। उन्हें और वाहन चालक को हल्की चोटें भी आयीं। हाईवा चालकों बालू तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब पुलिस वाहन या पुलिस पदाधिकारियों को भी कुचल के भागने का प्रयास किया जा रहा है। आखिर किसकी शह पर इतना बड़ा रैकेट चल रहा है और किसके बल पर बालू तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं?

क्या है पूरा मामला

अवैध बालू उत्खनन, भंडारण, बिक्री को लेकर शनिवार को वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर डीएमओ रामनाथ राय एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल और थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान शनिवार की रात करीब 8:00 मुर्गू स्थित तेलंगा खड़िया चौक के पास एक अवैध बालू लदा हाईवा निकला। इस हाईवा का नंबर जेएच 07 एच 9451 बताया जा रहा है। इसके चालक को एसडीपीओ द्वारा रोकने के प्रयास के दौरान हाईवा चालक के द्वारा एसडीपीओ की सरकारी वाहन को जान से मारने की नियत से कुचलने का प्रयास किया गया। जिसमें एसडीपीओ का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वाहन में बैठे एसडीपीओ व सुरक्षाकर्मियों को हल्की चोटें आयीं। हाईवा चालक घटनास्थल से हाईवा छोड़ फरार हो गया। इसके बाद प्रशासन द्वारा पीछे से आ रही एक लाल रंग के अल्टो कार जिसका नंबर जेएच 01 एक्स 6348 था, उसे पदाधिकारियों ने रोका। उस अल्टो में सवार दो लोग अल्टो से उतर कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा एक व्यक्ति को खदेड़कर पकड़ा गया। उसने अपना नाम मुर्गू निवासी वसीम मीर बताया और अपने साथ फरार हुए व्यक्ति का नाम बरगीटांड़ रायडीह निवासी सोहेल खान बताया। पुलिस उस युवक से सख्ती से पूछताछ करने लगी है।

अवैध बालू के हाईवा के आगे पीछे करायी जाती है रेकी : वसीम अवैध बालू कारोबारियों के द्वारा प्रशासन की रेकी करता था। वह हाईवा के आगे पीछे चल कर रस्ते में चेकिंग या प्रशासन के होने नहीं होने की सूचना दिया करता था। रेकी करने के एवज में वसीम को कारोबारियों द्वारा 12 हजार महीना एवं दो हजार प्रतिदिन तेल खर्च मिलते थे।

कुल 17 लोगों पर हुई नामजद प्राथमिकी

इस बावत डीएमओ रामनाथ राय ने रविवार को सिसई थाना में बालू के अवैध भंडारण, अवैध उत्खनन व अवैध बिक्री को लेकर कुल 17 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने रेकी करने व अवैध बालू कारोबार से जुड़े वसीम मीर को गिरफ्तार किया है। वहीं बालू लदे एक हाईवा नं. जेएच 07 एच 9451 व रैकी में इस्तेमाल अल्टो कार नं. जेएच 01 एक्स 6348 की जब्ती की गयी है।

मुर्गू, चरको अंबाटोली के ये लोग हैं इस अवैध कारोबार में संलिप्त

मुर्गू चैली टोली में मनीष कुमार सिंह, सरोज सिंह व राजेश कुमार चौधरी तीनों मुर्गू निवासी, चरको अंबाटोली में गांव के कार्तिक उरांव व लाल पंडरिया निवासी भुपेश देव के द्वारा अवैध बालू भंडारण करने, गोविंद साहू, मंगरा साहू, विजय कुमार चौधरी, नूर मलिक, पप्पू उर्फ सत्यनारायण साहू, दीपू महली, विनय लोहरा के द्वारा अवैध बालू की बिक्री की जाती है। राजेश कुमार चौधरी, मंगरा साहू व राजकुमार साहू के ट्रैक्टर से कोयल नदी से अवैध बालू निकाला जाता है। साथ ही मंगरा साहू व वसीम मीर के साथ साथ और कई लोगों का हाईवा में बालू लोड करने के लिए जेसीबी लोडर का इस्तेमाल किया जाता है।

डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

नाजिया खानम (एआइआर 290) के साथ टॉपर

02 विद्यार्थियों को एआइआर 500 के अंतर्गत मिला रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2023 मे अपनी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा मे नाजिया खानम ने एआईआर 290 हासिल किया एवं टॉपर बनी। अन्य क्वालीफायर मे समृद्धि गुप्ता (एआइआर 400), शौभित दफ्तुआर (एआइआर 503), गुरप्रीत सिंह (एआइआर 1381), शिवा शाम्भवी (एआइआर 1244), संकेत केशव (एआईआर 1686), सृजन सिंह (एआईआर 1755), अनुशा (एआईआर 3355) और वैष्णवी सुधांशु (एआइआर 22938) शामिल हैं (लिस्ट जारी है)। डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी।

हुंदूर पंचायत में डूबा जतरा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांके प्रखंड के हुंदूर पंचायत में जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के द्वारा रईसका डूबा जतरा का आयोजन धूमधाम से किया गया। सर्वप्रथम हुदूंर गांव के सुफल पहान द्वारा विधिवत रंगुवा मुर्गा का बली एवं हड़िया का तपावन देकर विधि विधान से पूजा पाठ की गयी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण शामिल हुए. इनके सौजन्य से 500 कंबल का वितरण बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं के बीच किया गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदक जीतने वाले एवं राष्ट्रीय फुटबॉल के पदक जीतने वाले अनिता कुमारी, नीतू लिंडा एवं अन्य खिलाड़ियों मेडल शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ एचपी नारायण ने कहा कि जनजातियों की रीति रिवाज परंपरा संस्कृति को बचाये रखने के लिए मैं कृत संकल्प हूं। जनजातियों की सेवा करने से मुझे बड़ा आनंद मिलता है। मेरी जब भी जरूरत पड़े में सेवा के लिए सदैव तत्पर हूं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड आदिवासी विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेघा उराव ने कहा कि रईसका मुंडा अपने समय में जनजातियों के संस्कृति परंपरा रीति रिवाज को बचाए रखने के लिए एक दिन में कई गांवों का भ्रमण कर संस्कृति का प्रचार प्रसार करते थे। आज उन्हीं की याद में यह जतरा का आयोजन जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। आज धर्मांतर का खेल बहुत जोरों से चल रहा है इस धर्मांतरण का खेल से हम सबको बच के रहना है। कार्यक्रम को बच्चन उरांव, अर्जुन राम, शिव टहल नायक, गोविंद महतो, सनी टोप्पो, अंजली लकड़ा, विनोद उरांव ने भी संबोधित किया। जतरा में बुंडू बेड़ा एवं बेड़ाडी की नृत्य मंडलिया लोगों का मन मोह लिया। जतरा में कई प्रकार के मिठाईयां ठेला घूमटी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीप उरांव, सोमा उराव, बालेश्वर पहान, मुनेश्वर मुंडा मुखिया रजनी देवी, गुरचरण मुंडा, तुलसी प्रसाद गुप्ता, राजू प्रेमचंद उराव, विक्रम उराव, सिकंदर मुंडा, महावीर उराव और विनोद उरांव पूर्व मुखिया का विशेष योगदान रहा।

356वें प्रकाश पर्व में शामिल होने 140 श्रद्धालुओं का पहला जत्था पटना रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी से 140 श्रद्धालुओं का पहला जत्था पटना साहिब में 29 दिसंबर को आयोजित श्री गुरुगोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए रविवार को शाम 5.30 बजे रवाना हुआ। सत्संग सभा के इंदर मिढ़ा एवं रमेश पपनेजा के नेतृव में सभी श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब से ऑटो द्वारा हटिया स्टेशन के लिए रवाना हुए और शाम 7 बजे हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया पटना ट्रेन से पटना साहिब के लिए प्रस्थान किया।

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को माला पहनाकर विदा किया एवं शुभकामनाएं दी। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने सभी श्रद्धालुओं को सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान कोविड गाइडलाइंस का पालन करने को कहा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कृष्णा नगर कालोनी से 121 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था आशु मिढ़ा एवं नवीन मिढ़ा के नेतृत्व में 27 दिसंबर शाम को हटिया पटना एक्सप्रेस से रवाना होगा। सभी श्रद्धालु 31 दिसंबर को वापस रांची पहुंचेंगे। साथ ही जानकारी दी कि रविवार को सत्संग सभा की प्रभात फेरी पिस्का मोड़ स्थित गुरुद्वारा साहिब से निकाली गयी और वहां से सरदार रंजीत सिंह चूचरा, सरदार तरसेम सिंह, ऋषि दुआ,चंद्रशेखर किंगर के आवास से होते हुए लक्ष्मण दास मिढ़ा के फ्लैट पहुंची और अरदास के साथ फेरी वहीं विसर्जित हो गयी और इसी के साथ श्री गुरुगोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों का समापन हो गया। जत्थे को विदा करने वालों में अर्जुन देव मिढ़ा, नरेश पपनेजा, अशोक गेरा, हरीश मिढ़ा, हरगोविंद सिंह और गुलशन मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

झारखंड फाउंडेशन की ओर से पंचांग विमोचन सह स्नेहिल मिलन कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्वागतम बैंक्वेट हॉल रांची में रविवार को झारखंड फाउंडेशन की ओर से पंचांग विमोचन सह स्नेहिल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद महुआ माजी ने कहा कि अरसे से मिथिला संस्कृति, साहित्य अत्यंत समृद्ध रहा है। एक साहित्यकार होने के नाते वह खुद इससे प्रभावित रही हैं। महाकवि विद्यापति की रचनाएं प्रेरित करती हैं। जरूरत पड़ने पर वह मिथिला समाज को हरसंभव सहयोग देने को तैयार रहेंगी। साथ ही उन्होंने पंचांग पर मिथिला पेंटिंग और सोहराय पेंटिंग की कलाकारी दिखाने के लिए कलाकार अभिलाषा चौधरी की सराहना की। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर याद करते उन्हें एक वक्ता, लीडर भी बताया। मौके पर विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पार्षद अरुण कुमार झा, फाउंडेशन के प्रमुख नवीन झा, बिहार विधानसभा के पूर्व पदाधिकारी अयोध्यानाथ मिश्रा सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे। विधायक सीपी सिंह ने विश्वंभर फाउंडेशन की ओर से किये जा रहे सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उसकी ओर से तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज के लिए कोई भी सकारात्मक प्रयास करने वालों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मिथिला स्वयंसेवक के नाते वे मैथिल समाज को आगे बढ़ाने में शत प्रतिशत सहयोग देंगे।

विधयक नवीन जायसवाल और संजीव विजयवर्गीय सहित अन्य अतिथियों ने भी मैथिली संस्कृति के समृद्ध विरासत की सराहना की। नवीन झा ने बताया कि जारी किये गये पंचांग में मिथिला के पर्व, त्योहार, विवाह, द्विरागमन, जनेऊ, मुंडन, भदवा, गृहप्रवेश आदि तिथियों को दर्शाया गया है। इसका निर्माण मिथिला के प्रकांड विद्वान पंडित कपिलदेव मिश्र के द्वारा किया गया है। पंचांग विमोचन कार्यक्रम के दौरान निभा झा, ज्योति मिश्रा, अश्वनी आनंद, रुपा चौधरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कियेकार्यक्रम के आयोजन में किशोर झा, अमरनाथ झा, राजेश झा, मृत्युंजय झा सहित कई अन्य की भूमिका रही।

क्रिसमस सेलिब्रेट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। क्रिसमस के अवसर पर रांची रेडियो ऑरेंज धमाल फ्रीक्वेंसी 106.4 भी रांची की जनता के लिए रॉक एंड रोल सांता के साथ ऑन व्हील 6 दिन 19 दिसंबर से रांची के हर चौक चौराहे, मॉल, कंपलेक्स में जनता के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट कर रहे है। रविवार को 106.4 फ्रीक्वेंसी के आकार का एक लंबा केक जेडी हाई स्ट्रीट मेन रोड रांची में काटा गया। सांता आम जनता से मजेदार सवाल पूछे जवाब देने वालों के बीच तरह-तरह के गिफ्ट बांटे गये। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के राज किरण, टेस्टले के सहयोग से अपने फ्रीक्वेंसी 106.4 फीट लंबा केक अभिजीत गडोदिया ने दिया।

एस्ट्रोटेक हिल्स की सिमरन, फोर्स मोटर्स के सुनील सिंह, अभिषेक जायसवाल, बीबल्स के रंजन, रेडियो ऑरेंज धमाल के झारखंड बिहार प्रमुख अभिषेक श्रीवास्तव, आफताब आलम, विशाल चौबे, नीरज पांडे, जेडी हाई स्ट्रीट के जेनरल मेनेजर ध्रुव कुशवाहा और आरजे आशीष समेत कई अन्य मौजूद थे।

48वां कुरमी विकास परिषद के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन

समाज को शिक्षित करें, व्याप्त कुरीतियों को दूर करें : रामटहल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 48वां कुरमी विकास परिषद के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन आरटीसी बीएड कॉलेज में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि समाज को शिक्षित करें, समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा से परिवार का दुख दूर होगा। विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि समाज को राजनीतिक ताकत का एहसास कराना होगा। पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, डॉ रुद्र नारायण महतो, केंद्रीय अध्यक्ष कुरमी विकास मोर्चा शीतल ओहदार, कुरमी महासभा के प्रदेश महासचिव कुमेश्वर महतो,

कुरमी महासभा केंद्रीय संयोजक ब्रज किशोर गांधी, राजकुमार महतो, डॉ पारस नाथ महतो, रामदयाल महतो, मीणा देवी, सरिता देवी, उर्मिला देवी, शुष्मा देवी, पनेश्वर महतो, राकेश किरण, शुष्मा देवी ने भी लोगों को संबोधित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर स्व निर्मल महतो व सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षीय भाषण व एक साल का लेखा जोखा कुरमी विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार चौधरी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ पारस नाथ महतो के दिया। मौके पर संतोष महतो, मनेश महतो, सुरेश प्रसाद, कैलास महतो, नेपाल महतो, संजय महतो, शांति कुमारी, अप्सरा सुजीत कुमार, विजय कपसा और कैलाश महतो शामिल हुए।

हिंदू जागरण मंच रांची महानगर ने स्नेह मिलन समारोह का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हिंदू जागरण मंच रांची महानगर के द्वारा दिन रविवार को तुलसी पूजन सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महानगर कार्यालय स्थित विशालक्षी बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुरूआत एकल गीत, संमूहिक गीत और दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ।साथ ही मां भारती का वंदन किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वजयेपी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। हिंदू जागरण मंच का उदेश्य हिंदू समाज में समरसता का भाव उत्पन्न करना तथा अपने संस्कृति के प्रति हिन्दू समाज को जागृत करना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुमन कुमार ने हिन्दू एकजुटता का मंत्र दिया। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शहदेव ने हिन्दू जनसंख्या और भारत की सप्रभूता की और लोगो का ध्यान आकुष्ट किया। मोके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ने कार्यकर्त्ता निर्माण पर जोर देने की बात कही और जिस दिन पूरा विश्व क्रिसमस ट्री को पूज रहा होगा उस दिन आओ हम सब मिलकर तुलसी पूजन करें, एक दूसरे से मिले साथ भोजन करें, अपनें संस्कारो, परपराओ व संस्कृति को जन- जन तक पहुंचाए। साथ ही महानगर अध्यक्ष चंदन मिश्रा ने लोगों से संगठन मे जोड़कर हिन्दू हितों का काम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर महामंत्री निशांत चौहान ने वर्तमान भारतीय राजनीति और हिन्दू धर्म पर अपना उद्बोधन दिया। तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में अपना झंडा गाड़ने वाले तमाम हिंदुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष चन्दन मिश्रा ने किया। इस कर्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुमन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष लाल ऋषि नाथ शहादेव, प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, युवा वाहिनी प्रमुख विक्रम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोनी,महानगर अध्यक्ष चंदन मिश्रा, महामंत्री निशांत चौहान, राकेश कर्ण, गुलसन हिंदुस्तानी, नमन भारतीय, सोनू गुप्ता, ऋषभ सिंह, वेद सिंह,निखिल वर्मा, सूरज पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी महानगर मिडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी।

फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में फ्रेशर्स डे, फेयरवेल और क्रिसमस गैदरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर्स डे फेयरवेल और क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गय। मौके पर संस्थान के न्यू पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। वहीं पारा मेडिकल के छात्र छात्राओं को फेयरवेल दिया गया। संस्थान में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत व नृत्य पर संस्था के स्टूडेंट्स जम कर थिरके। इस मौके पर मुख्य अतिथि सइद अहमद अंसारी, सीनियर एडवाइजर मेदांता हॉस्पिटल विशिष्ट अतिथि रिजवान अंसारी उप प्रमुख ओरमांझी उपस्थित थे। मौके पर रिजवान अंसारी, संस्थान की निदेशक जीनत कौशर ने अपने विचार रखे। मौके पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ शाहीन कौसर, डॉ नजनींन कौशर, रिजवान अंसारी, हाजी रफीउद्दीन, अबू नसर, विशिष्ट समाजसेवी अब्दुल सतार अंसारी, कौशल कांत, सत्यप्रकाश हिमांशु, आलिया खान, मजहर अंसारी, गुलाम मुस्तफा, प्रफुल्लित, शकील परवेज, जीवन, जन्नत, प्रियातोष रंजन, राजीना, हाजी मंसूर, सादिक अंसारी, शाहनवाज उपस्थित थे।

80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज

देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और लगभग 25 लाख पूर्व सैनिकों को पेंशन में फायदे की घोषणा सरकार ने की है। ऐसी घोषणा अब से पहले किसी सरकार ने की हो, मुझे याद नहीं पड़ता। पिछली सरकारों ने संकट-कालों में तरह-तरह की रियायतों की घोषणाएं जरूर की हैं, लेकिन 80 करोड़ लोगों को साल भर तक 35 किलो अनाज मुफ्त मिलेगा, यह बहुत बड़ी सौगात है। कोराना-काल के 2 वर्षों में भी सरकार ने असमर्थ लोगों को एकदम कम दाम पर अनाज देकर काफी मदद पहुंचाई थी, लेकिन अब उन्हें भी वह अनाज मुफ्त मिला करेगा। आप यह पूछ सकते हैं कि इतना अनाज सरकार मुफ्त में बांट देगी, लेकिन वह इसे करेगी कैसे? इस समय सरकारी भंडार में लगभग 4 करोड़ टन अनाज भरा पड़ा है। उसे अपने लोगों का पेट भरने के लिए विदेशों के आगे झोली फैलाने की जरूरत नहीं है। इंदिरा गांधी राज के वे दिन अब नहीं रहे, जब भारत को पीएल 480 गेहूं अमेरिका से आयात करना पड़ता था। उन दिनों सैंकड़ों लोग अकाल के दौरान मौत के शिकार हो जाते थे। आजकल भारत अनाज का बड़ा निर्यातक है। उसने कुछ पड़ोसी देशों को 50-50 हजार टन गेहूं भी भेंट किया है।इस बार सरकार मुफ्त अनाज वितरण पर 2 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। लेकिन इस सरकारी उदारता पर मेरी त्वरित प्रक्रिया यह है कि जरूरतमंद लोगों को बिल्कुल मुफ्त अनाज देने की बजाय पहले की तरह उसकी कीमत पांच से सात रुपये प्रति किलो जरूर रखी जाये वरना इस उदार रियायत पर वह कहावत लागू होगी कि 'माले-मुफ्त, दिले-बेरहम'! इस अनाज पर तरह-तरह का भ्रष्टाचार होगा। लोग इसे इकट्ठा करेंगे और बाजार भाव पर बेचेंगे। अफसरों, व्यापारियों और दलालों की मिलीभगत इसे वास्तविक गरीबों तक पहुंचने ही नहीं देगी। मुफ्त अनाज की तरह भारत की चिकित्सा और शिक्षा भी मुफ्त होनी चाहिए, लेकिन उस पर भी नाम-मात्र का शुल्क जरूर रखा जाना चाहिए। यदि देश के असमर्थ लोगों को अनाज, शिक्षा और चिकित्सा लगभग मुफ्त मिलने लगे तो अगले दस साल में भारत को महासंपन्न और महाशक्तिशाली बनने से कोई रोक नहीं सकता। जो सरकार ये तीनों चीजें असमर्थ जनता को सुलभ करवा देगी, उसे दशकों तक कोई हटा नहीं सकता।

मुफ्त अनाज की तरह भारत की चिकित्सा और शिक्षा भी मुफ्त होनी चाहिए, लेकिन उस पर भी नाम-मात्र का शुल्क जरूर रखा जाना चाहिए। यदि देश के असमर्थ लोगों को अनाज, शिक्षा और चिकित्सा लगभग मुफ्त मिलने लगे तो अगले दस साल में भारत को महासंपन्न और महाशक्तिशाली बनने से कोई रोक नहीं सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

गांधी जी के आदर्शों से प्रभावित होकर संविधान में शराबबंदी का प्रावधान है। लेकिन ओटीटी में पॉपुलर कार्यक्रमों को देखा जाये, तो ऐसा लगता है कि शराब अब समाज के सभी वर्गों का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। जीएसटी लागू होने के बाद शराब से अर्जित राजस्व राज्यों की कमाई का सबसे बड़ा साधन है। इसलिए तमाम सियासी दावों के बावजूद कोई भी राज्य शराबबंदी नहीं करना चाहता।

सरकारों को शराब की आमदनी से तौबा करनी होगी

विराग गुप्ता

ड्रग्स मामले पर संसद में हुई चर्चा शराब के रोचक मोड़ पर पहुंचने के बावजूद सार्थक निष्कर्ष नहीं हुआ। न्यूजीलैंड ने कानून बना कर चरणबद्ध तरीके से धूम्रपान को खत्म करने के लिए कानून बनाया है, लेकिन भारत में शराब के नाम पर पूरे देश में अराजकता का माहौल है। देश की राजधानी दिल्ली में शराब की बिक्री से अर्जित राजस्व से शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर करने का दावा हो रहा है। दूसरी तरफ बिहार में शराबबंदी से महिला सशक्तिकरण और अपराध कम होने की बात हो रही है। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शराबबंदी का आंदोलन चला रही हैं, तो पंजाब में ड्रग्स और शराब के कारोबार पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के साथ संसद में भी तीखे बाण चल रहे हैं।

गांधी जी के आदर्शों से प्रभावित होकर संविधान में शराबबंदी का प्रावधान है। लेकिन ओटीटी में पॉपुलर कार्यक्रमों को देखा जाये, तो ऐसा लगता है कि शराब अब समाज के सभी वर्गों का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। जीएसटी लागू होने के बाद शराब से अर्जित राजस्व राज्यों की कमाई का सबसे बड़ा साधन है। इसलिए तमाम सियासी दावों के बावजूद कोई भी राज्य शराबबंदी नहीं करना चाहता। गुजरात में लंबे समय से शराबबंदी लागू होने के बावजूद वहां पर शराब हर जगह उपलब्ध है।

देश के राज्यों में शराब पीने की न्यूनतम उम्र अलग-अलग होने से भ्रष्टाचार बढ़ता है।

विपक्ष के दावों को सही माना जाये, तो बिहार में पुलिस और प्रशासन ही अवैध शराब के कारोबार में हिस्सेदार है। कानून के अनुसार पूरे देश में शराब का विज्ञापन नहीं हो सकता। लेकिन ओटीटी और सरोगेट विज्ञापनों से शराब का खुलेआम महिमामंडन हो रहा है। जिस तरीके से शादी की न्यूनतम उम्र पर कानूनी विवाद चल रहे हैं, उसी तरीके से राज्यों में शराब पीने की उम्र पर अनेक विवाद हैं। बेतुकी शराबबंदी से मुकद्दमेबाजी और भ्रष्टाचार-बिहार के मुख्यमंत्री का दावा है कि शराबबंदी लागू होने के बाद 1.6 करोड़ लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। शराब की खपत कम होने से अपराध, घरेलू हिंसा और सड़क हादसों में कमी आने का दावा भी हो रहा है।

देशव्यापी नीति और कानून की जरूरत-कई राज्यों में शराबबंदी की नीति लागू हुई, लेकिन तमिलनाडु, केरल और हरियाणा सरकारों को शराबबंदी को रद्द करना पड़ा। देश के सभी भागों में शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माने और जेल का प्रावधान है।

नीतीश के अनुसार शराबबंदी से दूध और उससे जुड़े उत्पादों के व्यापार में बढ़ोत्तरी हुई है।

व्यवस्था परिवर्तन में विफल होने के बाद जेपी के अनुयायी नीतीश कुमार जिस बेतुके तरीके से शराबबंदी को लागू कर रहे हैं, उससे भ्रष्टाचार, तस्करी, मौतें और मुकदमेबाजी बढ़ रही है। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश में शराबबंदी लागू नहीं होने की वजह से संगठित तौर पर शराब की तस्करी और कच्ची शराब का कुटीर उद्योग पूरे बिहार में विषबेल की तरह फैल गया है।

पिछले 6 सालों में बिहार को 40 हजार करोड़ से ज्यादा के राजस्व का नुकसान का अनुमान है। सरकारी खजाने में कमी होने की वजह से प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के मद में कटौती होने के साथ टूरिज्म सेक्टर को भी खासा नुकसान हुआ है। शराबबंदी से जुड़े कानून की वजह से बिहार में 3.48 लाख से ज्यादा मुकद्दमे दर्ज हुए हैं और लाखों लोग जमानत के लिए अदालतों की कतार में हैं। इसकी वजह से अदालतों का बोझ बढ़ने के साथ जेलों में भी भीड़ बढ़ रही है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 6 सालों में जहरीली शराब से पूरे देश में 7000 लोगों की मौत हुई है। इनमें मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब और झारखंड सबसे प्रमुख हैं। बिहार में जहरीली शराब से मरने वाले लोगों के परिवारजनों का कहना है कि जहरीली शराब से हुई मौतों को छुपाने के लिए प्रशासन लोगों की ठंड से मौत को रिकॉर्ड कर रहा है। सरकारी रिकॉर्ड में मृतकों के डाटा की हेरा-फेरी भ्रष्टाचार के साथ गम्भीर अपराध है। इसकी वजह से पीड़ित परिवारजनों को मुआवजा हासिल करने में भी कानूनी अड़चनें आती हैं।

देशव्यापी नीति और कानून की जरूरत-कई राज्यों में शराबबंदी की नीति लागू हुई, लेकिन तमिलनाडु, केरल और हरियाणा सरकारों को शराबबंदी को रद्द करना पड़ा। देश के सभी भागों में शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माने और जेल का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के 2016 के फैसले के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों में 500 मीटर दायरे में शराब बिक्री नहीं हो सकती, लेकिन उससे बचाव के लिए लोगों ने दुकानों के दरवाजे दूसरी दिशा में खोल दिये।

देश के राज्यों में शराब पीने की न्यूनतम उम्र अलग-अलग होने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जेलों में बंद कैदियों के हालात पर बहुत चिंता व्यक्त की है। जहरीली शराब हो या फिर कानून का डंडा। दोनों की चोट गरीबों पर ही ज्यादा पड़ती है। गांधी का गुजरात हो या फिर जेपी का बिहार। शराबबंदी को सफल बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद-47 के तहत केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिल कर फैसला लेना होगा।

शराब के कारोबार पर राज्यों की बजाय केंद्रीय स्तर पर ही अंकुश लग सकता है। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ सरकारों को शराब की आमदनी से भी तौबा करनी होगी।

(लेखक : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

विजय गार्डन की क्रिएटिव महिला ग्रुप ने बच्चों के साथ केक काट मनायी खुशियां

खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए सैकड़ों बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बारीडीह विजय गार्डन में क्रिएटिव महिला ग्रुप के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर के दिन बच्चों के साथ खुशियां मनाई गई। रविवार को विजय गार्डन दुर्गा पूजा मैदान में केक कटिंग कर हर्षोल्लास के साथ बड़े दिन की खुशियां मनाई गई। मौके पर क्रिएटिव महिला ग्रुप के द्वारा बच्चे के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विजय गार्डन के सैकड़ों बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों के साथ अभिभावको ने भी जमकर आंनद उठाया। मनोरंजन के दौरान मैदान के चारों ओर मनोरंजन भोजन का स्टॉल लगाया गया। क्रिएटिव महिला ग्रुप के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विजय गार्डन वासियों ने जमकर सराहना की।इस अवसर पर सैंटा क्लॉस ने बच्चों के साथ हाथ मिलाकर चॉकलेट बाटा। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद पुरस्कार दे कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मीता पाल, रितु सिन्हा, जोशना सहित अन्य महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी।

साहिबजादों की याद में 105 यूनिट रक्त संग्रह और हुई स्वास्थ्य जांच

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। गुरुद्वारा सिंह सभा मानगो में चल रहे शहीदी सप्ताह के तहत आयोजित सफर-ए-शहादत की कड़ी में रविवार को शहीदों की स्मृति में 105 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जबकि 125 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। गुरुद्वारा सिंह सभा मानगो में एमजीएम अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से रक्त इकाई के प्रमुख राघव कुमार और संजय कुमार के नेतृत्व में 16 महिलाओं और 89 पुरुषों ने रक्तदान कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं डॉ सीमा परवीन की देखरेख में 125 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। डॉ सीमा परवीन ने बताया कि महिलाओं की जांच में उनमें खून की कमी पायी गई, परंतु उन्हें उचित खान-पान की सलाह और दवाई दी गई। रक्तदान करने वाले सरबजीत सिंह ने अनुभव साझा करते हुए बताया की उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि उनका रक्त किसी जरूरतमंद के काम आयेगा। एमजीएम रक्त विभाग की छह सदस्य टीम भी मुस्तैद रही और रक्तदाताओं को शालीन तरीके से सहयोग किया। गुरुद्वारा सिंह सभा मानगो के प्रधान भगवान सिंह ने कहा की उन्हें खुशी है कि संगत ने स्वास्थ जांच और रक्तदान शिविर को सफल बनाने में पूरा सहयोग कर साहिबजादों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। महासचिव जसवंत सिंह जस्सू ने रक्तदान करने वालों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एक रक्तदाता असल में जीवनदाता है और किसी को जीवन देने से बड़ा और कोई पुण्य नहीं है।

जमशेदपुर महानगर भाजमो ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

पार्टी कार्यकर्ताओं ने अटलजी के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर महानगर भाजमो के जिला कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती मनाई गई। इसमें पार्टी जन ने उनके चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर जिला भाजमो अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि अटल जी भारत के सच्चे सपूत थे। उन्हें तीन बार देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला। झारखंड अलग राज्य के गठन में उनकी अहम भूमिका को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अटल जी अपने कार्यकाल में देश हित में अनेक कार्य किये, जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों के नेता उनकी प्रशंसा करते हैं। उनका व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करता था। वे सादगीपूर्ण व्यक्ति के धनी थे। उनकी लेखनी देश-विदेश में प्रसिद्ध थी एवं राष्ट्र के प्रति उनका प्रेम भी अद्वितीय था। उन्होंने कहा, हमारे नेता सरयू राय भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से काम कर रहे हैं। आज अटल जी की जयंती के अवसर पर हम उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजमो जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, भास्कर मुखी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, प्रवक्ता सह व्यावसायिक प्रतिनिधि आकाश शाह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद, साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, सोलार लाइट प्रभारी विजय राव, बिरसानगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, भुइयांडीह मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, नंदिता गगराई, गणेश चंद्रा, अभिजीत सेनापति, अजय रजक, रामदास मेहता, अखिलेश यादव, मोहरा यादव, चंदा शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

चाकुलिया प्रखंड में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

चाकुलिया। चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदरपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 10 अनुभवी डॉक्टरों ने 438 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही उन्हें चिकित्सीय सलाह प्रदान की। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गयीं। पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों के जांच की। मौके पर मोतियाबिंद से ग्रस्त 28 नेत्र रोगियों का पहचान किया गया। सभी को आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क आपरेशन कराया जायेगा। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन पद्मश्री जमुना टुडु तथा मुखिया हीरामुनी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। पद्मश्री जमुना टुडू ने कहा पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की घोर कमी है। डॉ गोस्वामी लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर गरीब तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहे हैं। मौके पर जिला जिला उपाध्यक्ष हरि साधन मल्लिक, जिला मंत्री राजीव महापात्र, महामंत्री दुर्गा पद गिरि, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष महादेव बैठा, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विश्वनाथ सोरेन, बहरागोड़ा मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभेंदु पात्र, उप मुखिया ममता हांसदा, लबोदर हांसदा एवं दीपु शर्मा शामिल रहे।

टाटा वर्कर्स यूनियन के पिकनिक में कमेटी मेंबरों की दिखी एकता

मजदूर हित में काम करने के लिए एकजुटता के साथ काम करने का लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा स्टील की अधीकृत यूनियन टाटा वर्कर्स यूनियन का पिकनिक एक्सएलआरआइ के बगल में स्थित दलमा व्यू प्वाइंट में हुआ। इस दौरान सारे ऑफिस बियरर के साथ साथ 214 कमेटी मेंबर शामिल हुए। इस दौरान कमेटी मेंबरों ने एकजुटता दिखायी। सभी कमेटी मेंबरों ने एकता दिखायी। इस दौरान कमेटी मेंबरों ने जमकर मस्ती की। यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु, महामंत्री सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह समेत अन्य लोगों ने सभी कमेटी मेंबरों को एकजुट होकर काम करने की अपील की। इस दौरान मजदूर हितों में फैसला लेने के लिए मिलकर एक दिशा में सोचने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कमेटी मेंबरों ने यहां मस्ती भी की। करीब दो साल के बाद कमेटी मेंबरों का यहां जुटान हुआ। कमेटी मेंबरों का ऑफिस बियररों ने काफी स्वागत किया। इस दौरान खाने का इंतजाम था तो गाने बजाने की भी व्यवस्था की गयी थी।

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार सरदार मंजीत सिंह के आगमन पर किया स्वागत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर के एग्रीको मैदान मे गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जीवन सिंह के शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित 'रंगरेटे गुरु के बेटे' नामक कार्यक्रम मे शामिल होने दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के मुख्य सेवादार सरदार मंजीत सिंह का आगमन रविवार को शहर में हुआ। मानगो क्षेत्र में समाजसेवी पप्पू सिंह एवं उनकी टीम ने सरदार मंजीत सिंह का भव्य स्वागत पारडीह चौक पर किया. इस दौरान सरदार मंजीत सिंह ने पप्पू सिंह एवं उनकी टीम की भूरि-भूरि प्रसंशा की। इस अवसर पर भवानी सिंह, अभिनन्दन सिंह, गोपाल सिंह, मंटू शर्मा, छोटू रावत, विरु सिंह, बबलू सिंह बल्ली, राधे प्रामाणिक एवं कमलप्रीत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

साइकिलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता मिलेनियम पब्लिक स्कूल के छात्र आमिर रेयाज का भव्य स्वागत

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। गढ़वा में स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 2022 के 15 किलोमीटर में स्वर्ण पदक विजेता मिलेनियम पब्लिक स्कूल छात्र आमिर रेयाज नगर उंटारी के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया किया। नगर उंटारी वासियों के द्वारा हनुमान मोड़ पर आमिर रेयाज को माला पहनाकर और पटाखा फोड़कर भव्य तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेता आमिर रेयाज के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने हनुमान मोड़ से लेकर धुरकी मोड़ तक जुलूस निकालकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि नगर उंटारी जैसे छोटे से शहर में रहने वाला आमिर रेयाज ने झारखंड राज्य में प्रथम स्थान लाकर गढ़वा का नाम रोशन किया है। लोगों ने आमिर रेयाज के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। मौके पर मिलेनियम पब्लिक स्कूल के निदेशक मो. मुमताज राही, कोच रामप्रवेश तिवारी, चेयरपर्सन नूरजहां बेगम, प्राचार्य मंजूर राही, सदर तौहिद खान, मो. रियाजुद्दीन अंसारी, तस्लीम खान, हाजी नेजाम खान, सद्दाम आलम, हैदर खान, गब्बर आलम, फुलटून खान, भोला सेठ, खुर्शीद खान, रोहित वर्मा, मिस्टर खान, शिक्षक नागेंद्र सिंह, अनेश यादव, मनोज कुमार, असगर अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

भाजपाइयों ने मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर वाजपेयी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी

केतार (आजाद सिपाही)। भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में केतार बाजार स्थित भाजपा न्यू कार्यालय का उद्घाटन कर मनायी। जयंती कार्यक्रम के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भी कार्यकर्ताओं ने सुना। सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी की तस्वीर पर भाजपा प्रभारी संजय यादव, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, भोला सिंह, नीरज कमलापुरी, रामप्रसाद कमलापुरी, राम नारायण राम, सीताराम जायसवाल, अनिल बैठा सहित अन्य लोगों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि भाजपा प्रभारी संजय यादव ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का संघर्ष और विचार देश के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने कहा कि वाजपेयी जी के विचार हम कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि सभी जाति धर्म के लोग उनके कार्य एवं विचार की भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी की मन की बात से कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होता है।

आज स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 26.12.2022 सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से रामा साहू स्टेडियम में किया जाना है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में विभाजित है, जिसमें अंडर-14 बालक/ बालिका एवं अंडर-16 बालक/बालिका की प्रतियोगिता होनी है। प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक अकाउंट की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। जो प्रतिभागी मैट्रिक पास कर लिए हैं उन्हें मैट्रिक का प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो उसे लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में पूरे जिले से करीब 300 जूनियर खिलाड़ियों के आने की संभावना है। चयनित 13 खिलाड़ी पटना में आयोजित राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों का जन्म अंडर-14 आयु वर्ग के लिए 15.01.2009 से 14.01. 2011 के बीच होना अनिवार्य है एवं अंडर-16 आयु वर्ग के लिए 15.01.2007 से 14.01. 2009 के बीच का होना अनिवार्य है। अंडर 16 बालक/बालिका वर्ग 80 मी., 600मी., 1600 मी., ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, हेक्साथलोन अंडर-14 बालक/बालिका वर्ग ट्रायथलॉन (60 मी., 600 मी., स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, गोला फेक ऊंची कूद किड्स जैवलिन। प्रतियोगिता गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, आलोक श्रीवास्तव और कॉसलेस तिवारी की देखरेख में की जा रही है।

कार्यक्रम : राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

विषम परिस्थितियों में बेहतर प्रतिभा सामने आती है : डीसी

डीसी ने सभी विजेता खिलाड़ियों के बीच किया पुरस्कार वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा में आयोजित दो दिवसीय स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 2022 का रंगारंग समापन हुआ। शहर के मेलोडी मंडप में शनिवार को समापन मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त रमेश घोलप ने दीप जलाकर किया। डीसी ने सभी विजेता खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि गढ़वा में राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का काफी बेहतर तरीका से आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी बात है। आयोजक मंडली एवं प्रतिभागियों को इस सफल आयोजन के लिए डीसी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के अन्य जिलों में भी खेल संसाधनों की काफी कमी है। इसके बावजूद राज्य के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में प्रतिभागियों ने इस आयोजन में भाग लिया और बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया। यह खिलाड़ियों के जज्बा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि बेहतर नाविक शांत समुद्र में नहीं निखरते हैं बल्कि लहरों के विपरित नाविक का निखार होता है। इसी प्रकार विषम परिस्थितियों से लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जो विषम परिस्थिति से निखरकर प्रतिभा सामने आती है वह बहुत बेहतर होती है।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद कुमार झा, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अनिता दत्त, रेखा चौबे, दया शंकर गुप्ता, अरविंद दुबे, गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, चेयरमैन अनिल पांडेय, राकेश पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी

इस प्रतियोगिता में आठ किमी यूथ गर्ल में मिनी हेम्ब्रम- पाकुड़ ने प्रथम, अंजली एक्का - रांची ने द्वितीय, सीमा उरांव- लोहरदगा ने तृतीय, अनिता उरांव - रांची ने चतुर्थ तथा अल्पना कुमारी- रांची ने पंचम स्थान प्राप्त किया। आठ किमी सब जूनियर गर्ल में सरिता कुमारी- लोहरदगा, संतोषी- लोहरदगा, सिंधु लता हेंब्रम- रांची, श्वेता कुमारी- रामगढ़, सबीना कुमारी- रांची, पांच किमी यूथ गर्ल में मिनी हेंब्रम- पाकुड़, अल्पना कुमारी- रांची, अंजली एक्का- रांची, सीमा उरांव- लोहरदगा, पांच किमी यूथ ब्वाय में विकास उरांव- रांची, शुभम कुमार- रामगढ़, अर्जुन कुमार- रांची, निखिल लोहरा- रांची, पवन उरांव- लोहरदगा, पांच किमी सब जूनियर ब्वाय में रांची के नारायण महतो, पृथ्वी राज सिंह, सुशांत उरांव, दीप राज उरांव- लोहरदगा, बबिंदर सिंह- बोकारो, पांच किमी सब जूनियर गर्ल में सरिता कुमारी- लोहरदगा, सिंधु लता हेंब्रम, सबीना कुमारी, तारा मिंज- रांची, श्वेता कुमारी- रामगढ़, 10 किमी. मेन एलिट में अक्षय कुमार- रामगढ़, प्रथम कुमार शर्मा- रांची, सुरेश कुमार सेन- रामगढ़, अमीर रेयाज- गढ़वा, वैभव कुमार ठाकुर- रामगढ़, 10 किमी. मेन जूनियर में नरेंद्र हांसदा- जमशेदपुर, 10 किमी. मास्क स्टार मेन एलिट इंडियन साइकिल में हिंदु हांसदा- सरायकेला, सुंदर मुर्मू- सरायकेला, कर्मू महतो- जमशेदपुर, कौशल कुमार महतो- गिरिडीह, रवि कुमार - धनबाद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया।

सगमा मंडल भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में वाजपेयीजी की जयंती मनायी

सगमा मंडल के सभी 28 मतदान केंद्रों पर बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में की गयी श्रद्धांजलि अर्पित

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। भाजपा सगमा मंडल के द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सगमा मंडल के सभी 28 मतदान केंद्रों पर बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में भरत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के चित्र के समक्ष पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सगमा स्थित विधायक प्रतिनिधि बबलू ठाकुर के आवास पर मण्डल अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में आयोजित सुशासन दिवस के मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन चरित्र पर बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सुशसन दिवस के रूप में मनाती है। अटल बिहारी बाजपेयी जी का सपना था कि विकास की रोशनी देश के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। उनका कहना था कि देश की समृद्धि का रास्ता खेत खलिहान से होकर गुजरता है इसे देखते हुए हमें किसानों के चहरे पर खुशहाली के लिए काम करना होगा।

मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, बबलू ठाकुर, धर्मजीत यादव, सखिचन्द प्रजापति, रामाशीष यादव, मुखिया तेजलाल भुइयां, संतोष यादव, अजय यादव, रविरंजन यादव, लालू कुशवाहा, निराजय रजक, रामचन्द्र साह, सोनू जयसवाल उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों के प्रतिमूर्ति थे : रामचंद्र केशरी

पूर्व मंत्री के आवास पर किया गया अटल बिहारी वाजपेयी जयंती समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केसरी ने कहा कि भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों के प्रतिमूर्ति थे। उनमें राष्ट्र प्रथम का जज्बा कूट कूटकर भरा हुआ था। वे अपने त्याग, तप, दृढ़संकल्पित होकर देश व गरीब कल्याण को ध्यान में रखकर भारत में सुशासन देखना चाहते थे। उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता के कारण देश की सवा सौ करोड़ जनता उन्हें माथे का उज्ज्वल तिलक मानती थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अंत्योदय योजना लायी, जिसके तहत देश की गरीब जनता आज भी लाभ ले रही है। आज हम सब उनके जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। श्री केसरी ने कहा कि आज नरेन्द्र भाई मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनकर उनके अधूरे कार्यों को पूर्णरूप देने में रात दिन लगे हैं। इसके बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रकाश चंद्र सेठी, सोबराती खां, इस्माइल अंसारी, सलीम अंसारी, मुन्ना गुप्ता, अरुण कुमार, सुजीत अग्रवाल सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री बंशीधर नगर चेंबर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स रांची से हुआ संबद्ध

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर चेंबर ऑफ कामर्स आज फेडरेशन ऑफ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के साथ बैठक में शामिल हुआ। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के बाद चेंबर ऑफ कामर्स श्री बंशीधर नगर इकाई झारखंड चेंबर से संबद्ध हो गया। बैठक में मौजूद झारखंड चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं उनकी टीम ने चेंबर का स्वागत किया तथा चेंबर ऑफ कामर्स श्री बंशीधर नगर इकाई के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात श्री बंशीधर नगर चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानन्द कमलापुरी, राहुल जायसवाल, वीरेंद्र अग्रहरि, रजनीकांत मधुर ने झारखंड चेंबर अध्यक्ष किशोर को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर श्री बंशीधर नगर आने का आमंत्रण दिया।

वाहन दुर्घटना में घायल युवती की मौत

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत निवासी वाहन दुर्घटना में घायल रिंकी कुमारी की रविवार को रिम्स में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बताते चलें कि पिछले 20 दिसंबर को मजदूरों से भरा पिकप गाड़ी रंका गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर बानुटिकर के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी थी। इस पिकप गाड़ी में 26 मजदूर सवार होकर रंका से गढ़वा की ओर मजदूरी के तलाश में जा रहे थे। उस वाहन में रिंकी कुमारी भी सवार थी। रिंकी कुमारी को अधिक चोट लगने से वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। वह बेहद गरीब परिवार से थी।

बाइक-टेंपो की टक्कर में एक युवक घायल

मंझिआव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गहेड़ी सरकारी स्कूल तीन मुहान के पास दोपहर लगभग बारह बजे कांडी मंझिआव मुख्य पथ पर टैंपू बाइक की भीषण टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं टेंपू भी क्षतिग्रस्त हुआ है। टेंपू चालक सुदामा राम ग्राम खरसोता का एवं बाइक चालक सतबहिनी कांडी प्रखंड निवासी राजकुमार राम का पुत्र अम्रेश कुमार है।

पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर विश्वकर्मा समाज ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर समाज के लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में झारखंड परदेश विश्वकर्मा समाज गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, अमित अमित शर्मा, बाबू लोहार, बबलू विश्वकर्मा, सुखनाथ मिस्त्री, दीपक विश्वकर्मा आदि लोग शामिल थे।

मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय में सामाजिक संगठन 'श्रम-सेवा संस्था मेराल' का किया गया गठन

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर स्थित मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय में रविवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत के युवाओं की एक बैठक मुन्ना कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विचार विमर्श के बाद सामाजिक संगठन 'श्रम-सेवा संस्था मेराल' का गठन किया गया। सर्वसम्मति से संस्था का मुख्य संरक्षक मुना कुमार सिंह को बनाया गया तथा अध्यक्ष के रूप में ज्ञान रंजन मिश्रा का चयन किया गया। मौके पर ज्ञान रंजन मिश्रा ने कहा इस संस्था का उद्देश्य जनसेवा और सामाजिक कार्यों में युवाओं को आगे लाना है। उन्होंने कहा कि संस्था का विस्तार अगले माह प्रखंड के सभी 20 पंचायत में करते हुए एक हजार युवाओं को जोड़ा जाएगा। वहीं अभिषेक मेहता ने कहा हर किसी को समाज सेवा से जुड़ना चाहिए और जिससे जितना बन सके उतना समाज सेवा जरूर करना चाहिए।

कार्यक्रम : भाजयुमो ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किया अटल डिबेटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

अच्छा प्रदर्शन करनेवाले को प्रदेश स्तर पर किया जायेगा सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी कार्यकर्ताओं ने सुना

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो द्वारा अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। तत्पश्चात अटल डिबेटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिला कार्यालय गढ़वा में किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजयुमो गढ़वा द्वारा आयोजित अटल डिबेटिंग क्लब के माध्यम से वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करने से युवाओं को वर्तमान केन्द्र सरकार एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यों को समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी जाती है। केंद्र सरकार की सुशासन व्यवस्था भारत को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर करती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो गढ़वा द्वारा अटल डिबेटिंग क्लब वाद विवाद प्रतियोगिता में 18 से 35 वर्ष तक के युवा शामिल हुए। वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोगों ने प्रमुख चार विषय पर अपनी बात रखी। जिसमें (1) नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर (2) भारत 5 मिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर (3) समय की मांग- मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण (4) नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इन चार प्रमुख विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक विकास तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री मीना गुप्ता जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय महिला मोर्चा जिला मंत्री पार्वती सिंह पुष्पा अग्रवाल पासवान रविन्द्र साव बिपिन तिवारी ओमप्रकाश पासवान रविन्द्र साव अमरेन्द्र कुमार सहीत अन्य कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

संत पॉल और शांति निकेतन ने अपने-अपने मैच जीते

21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। टाउन हॉल के मैदान में खेली जा रही 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तीसरे दिन खेले गए दो अलग-अलग मैचों में शांति निकेतन स्कूल तिलदाग ने सीपी मेमोरियल को 75 रनों से, वहीं संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, रेहला ने बीएस केडी को रोमांचक मुकाबले में छह रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में शांति निकेतन स्कूल तिलदाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेमंत के 61 रन, श्याम कुमार के 53 रनों के सहयोग से 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सीपी मेमोरियल की ओर से अनीश यादव ने चार विकेट लिए। 179 रनों का लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी सीपी मेमोरियल स्कूल की टीम 103 रनों पर ही ढेर हो गई। टीम की ओर से रवि कुमार ने सर्वाधिक 64 रन बनाये। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल तिलदाग की ओर से रोहित कुमार साह ने पांच विकेट लिये। दूसरे मैच में बीएस केडी पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन राज के 26 और विशाल के 14 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन बनाए। संत पॉल कान्वेंट स्कूल की और से गेंदबाजी करते हुए जुनैद अंसारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने 10 गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर कैफ रजा के 29 और हैदर अली के 26 रनों के सहयोग से विजयी लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निकेतन स्कूल तिलदाग के हेमंत कुमार को वहीं दूसरे मैच में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला के जुनैद अंसारी को दिया गया।

मैच शुरू होने से पूर्व गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने की बात कही। अंपायर की भूमिका मोसिन खान , मनीष उपाध्याय,ओर असलम खान ने निभाई वही स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार ने निभाया। मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, अजित सिन्हा, राजीव रंजन, आशीष उपाधाय, दीपक, प्रवीण मिश्रा, प्रभात तिवारी, आलोक गुप्ता, प्रिंस खान, मनीष, अमित उपाध्याय, साहिल खान, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति , सूर्य प्रकाश, हेमंत राज, अश्विनी चौबे, मनीष पाठक, प्रभात तिवारी, अभिषेक द्विवेदी उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बुंडू में निर्मल महतो की जयंती पर आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया नमन

बुंडू (आजाद सिपाही)। शहीद निर्मल महतो की जयंती पर रविवार को आजसू की ओर से बुंडू के निर्मल महतो चौक ताऊ में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। उसके बाद उलगुलान फाउंडेशन के तत्वधान में असहाय, गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, श्याम महतो, सुकरा मुंडा, नगर उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, राज किशोर कुशवाहा, ताराचंद मुंडा, दिलीप साहू, हरिहर महतो, कड़िया मुंडा, भय भंजन महतो व शशि भूषण सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी शहीद निर्मल महतो की जयंती

तमाड़ (आजाद सिपाही)। शहीद निर्मल महतो जयंती पर रविवार को तमाड़ पूर्वी के भूड़याडीह चौक स्थित वीर शहीद निर्मल महतो की आदमकद प्रतिमा पर आजसू की ओर से माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आजसू नेता रामदुर्लभ सिंह मुंडा, जिप सदस्य सह आजसू नेता विजय सिंह मानकी, श्याम कुमार महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, जिला सचिव रमेश मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, हरिहर महतो, शशिभूषण सिंह मुंडा, विभीषण महतो, गोपाल महतो, कड़िया मुंडा, कालीपद महतो, परिमल नायक, फनी महतो, रसोराज महतो, नंदलाल महतो, रासबिहारी महतो, फागुराम महतो, गोपाल महतो, दिनेश प्रमाणिक आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, शहीद निर्मल महतो जयंती पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो और प्रमुख अजय कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से श्रृद्धांजली अर्पित किया। उन्होंने टाटा रांची मुख्य सड़क स्थित भुइंयाडीह चौक पर निर्मल महतो के अदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि दी। इस दौरान दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित होकर शहीद निर्मल महतो अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर अमजद अंसारी, रंजीत सेठ, अरुण साहू, कर्णधर महतो, सुखदेव महतो, रंजीत महतो, अघ्नु महतो, समीर महतो, कृष्णा महतो, विषम सिंह मुंडा, निर्मल महतो, नरेश चंद्र महतो व धीरज कुमार आदि थे।

पिपरवार भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा पिपरवार के सभी बूथों पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गइ। साथ ही कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना। पिपरवार मंडल के सभी बूथों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1994 में उन्हें भारत का 'सर्वश्रेष्ठ सांसद' चुना गया। वर्ष 2015 में सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। देश और समाज हित में किए गए उनके कार्यों को उन्होंने विस्तार से बताया, साथ ही उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए उनके अधूरे सपनों को साकार करने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, राधा देवी, सोनू कुमार गुप्ता,महेश विश्वकर्मा, रमेश मुंड,राम प्रसाद महतो,रामलाल महतो, अजय रजक, राकेश सिंह, कादिर खान, उपेंद्र शर्मा, शिवशंकर साव, बालेश्वर उरांव, राजकुमार साव, पंकज राम सहित कई लोग मौजूद थे।

दो दिवसीय के डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लोटा स्कूल मैदान में रविवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के रामानंद बेदिया राधिका महतो, उपेंद्र महतो, रविंद्र नाथ मुंडा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राधिका महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आसपास के 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसके अलावा मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पूर्व अतिथियों ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस मौके मिथुन चंद्र महतो, भागीरथ महतो, विष्णु चरण महतो,दिलीप महतो, भीम महतो आदि थे।

दिवंगत सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती मनाने का निर्णय

खलारी (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ के संस्थापक सह पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर डकरा क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को एरिया क्षेत्रीय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव ने की। बैठक में क्षेत्रीय समिति ने 27 दिसंबर को सूर्यदेव सिंह की 83 वीं जन्मदिन एंव संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम की भी 37वां जन्मदिन क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित संगठन के केंद्रीय सचिव कमलेश सिंह ने सूर्यदेव सिंह की जयंती एवं महामंत्री के जन्मदिन पर संगठन द्वारा सीसीएल में आयोजित होने वाले कार्यकर्मो को लेकर विस्तृत रुपरेखा से लोगों को अवगत कराया। बैठक का संचालन चुरामन दास व धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह ने की। इस मौके पर चुरामन दास, संदीप सिंह, बुटन चौहान, टूपा महतो, अजय चौहान, कृष्णा कुमार, तपेश्वर कुमार यादव, उपेंद्र यादव, गणेश ठाकुर शर्मा, गुल्फी देवी, विजय प्रताप सिंह, विक्रम गंजू, बिरजू लोहार, कंचन महतो व राजू कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

राज्यपाल ने परिवार के साथ लिया पेरवाघाघ जल प्रपात के सौंदर्य का आनंद

तोरपा का पेरवाघाघ जल प्रपात है बेहद खूबसूरत: रमेश बैस

डीसी व अन्य अधिकारियों ने भी लिया सुंदरता का आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

पेरवाघाघ जल प्रपात का आनंद लेने परिजनों के साथ पहुंचे राज्यपाल रमेश बैस।

खूंटी। क्रिसमस के अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस रविवार को अपने स्वजनों के साथ खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध पेरवाघाघ जलप्रपात में पिकनिक का आनंद लेने पहुंचे। जल प्रपात की प्राकृतिक सुंदरता को देख राज्यपाल अभिभूत हो उठे। उन्होंने घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र को निहारा। अपने पोते और अन्य स्वजनों के साथ लकड़ी की बनी नाव में बैठ कर घंटों फॉल के पास समय बिताया। पर्यटक मित्रो से राज्यपाल ने पेरवाघाघ के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उससे पूर्व जैसे ही राज्यपाल का काफिला पेरवाघाघ पहुंचा, राज्यपाल अपने वाहन से उतर कर सीधे वॉच टावर के पास से फॉल को निहारने पहुंच गए। वहां से सीढ़ी के रास्ते जलप्रपात के पास पहुंचे, जहां लकड़ी की बनी पुलिया के पास रुके। वहां से नाव में बैठ कर झील का आनंद लिया। राज्यपाल ने कहा कि वाकई बेहद खूबसूरत है पेरवाघाघ जल प्रपात। यहां पहुंचने पर फटका पंचायत की मुखिया पुष्पा गुड़िया और तपकरा की मुखिया रोशनी गुड़िया ने राज्यपाल और डीसी शशि रंजन को पत्तों से बना मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया। उधर, राज्यपाल के आगमन को लेकर विधि व्यवस्था में खूंटी के डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, एएसपी अभियान रमेश कुमार, तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह सहित जिले के छोटे-बड़े अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद दिखे। पूरे क्षेत्र में सुरक्ष की चाक चौंद व्यवस्था की गई थी।

जरियागढ़ से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब व कार जब्त

खूंटी (आजाद सिपाही)। उत्पाद विभाग की टीम ने जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तिलमी गांव में शनिवार की देर शाम पुलिस के साथ मिलकर छापामारी की और 51 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किया। इस संबंध में तिलमी गांव निवासी मिथिलेश साहू नामक युवक के विरुद्ध जरियागढ़ थाने में एक नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही मारुति भी जब्त किया गया। यह जानकारी उत्पाद विभाग के प्रभारी अवर निरीक्षक विकास निराला ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जरियागढ़ थाना पुलिस के साथ आरोपित मिथिलेश साहू के तिलमी बाजार टांड़ स्थित गौशाला में छापामारी की गई, जहां से विदेशी शराब बरामद हुआ।

विपक्षी पार्टियों में भी लोकप्रिय थे अटल बिहारी वाजपेयी : मनोज कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिला सांसद प्रतिनिधि के डाक बंगला रोड स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुंडा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के मिसाल थे। वे ऐसे नेता थे, जो सिर्फ पक्ष के ही नहीं, बल्कि विपक्ष के नेताओं के बीच भी समान रूप से लोकप्रिय थे। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर भीम सिंह मुंडा, अरुण चंद गुप्ता, ज्योतिष भगत, अनूप साहू, आनंद साहू, राजेश्वर गुप्ता, जयप्रकाश भाला, साकेत मिश्रा, भगवान मिश्रा, सूरज गुप्ता, विजय घोष, आदित्य प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुभाष मिश्रा आद उपस्थित थे। इस दौरान भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सुना।

मसीही विश्वासियों ने श्रद्धापूर्वक मनाया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मसीही विश्वासियों में उल्लास का वातावरण व्याप्त है। रविवार की सुबह शहर के आरसी चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में अलग-अलग समय पर आयोजित क्रिसमस के विशेष अनुष्ठान के बाद विश्वासियों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। उसके बाद मुक्तिदाता प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में आनंद मनाने और खानपान का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर शहर के तीनों चर्चों के साथ ही ईसाई बहुल मुहल्लों को सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया है। जगह-जगह सामूहिक नाच-गान का आयोजन कर विश्वासी प्रभु के आगमन काल की खुशियां मना रहे हैं। इससे पूर्व आरसी चर्च में सुबह दो पालियों में आयोजित विशेष मिस्सा अनुष्ठान के दौरान अपने संदेश में फादर बिशु बेंजामिन आईंद ने कहा कि प्रभु यीशु समस्त मानव जाति के मसीहा और गरीब, दबे-कुचले लोगों के मुक्तिदाता हैं। वे पापों को क्षमा करने वाले और शांति के दूत हैं। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु के संदेश प्रेम और शांति को आत्मसात कर जरूरतमंदों की मदद और सेवा करने की अपील की। मार्टिन बांग्ला स्थित सीएनआई चर्च में पादरी सिकंदर नाग की अगुवाई में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान प्रभु भोज विधि बाइबल पाठ, यीशु जन्म के गीत, प्रार्थना सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। जीईएल चर्च में पादरी ओबेद सोरेंग, पादरी जीरेन संगा और पादरी नमन लुगुन के नेतृत्व में समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू आदि इलाकों में भी क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया।

झारखंड के निर्माण में शहीद निर्मल महतो का रहा अहम योगदान: इंदिरा

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। कोयलांचल के शहीद निर्मल महतो चौक बमने में रविवार को झामुमो एवं आजसू के संस्थापक रहे शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी गई। निर्मल महतो चौक पर जंयती समारोह आयोजन किया गया। जहां शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांदलि दी गई। शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी तुरी ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इंदिरा तुरी, नागेश्वर महतो, अर्जुन महतो, रामजीत गंझु एवं सुनील सिंह ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलनकारी के रुप में संघर्ष करते हुए अपनी शहादत देने वाले निर्मल महतो के पद चिन्हों पर आज की युवा पीढ़ी को चलना चाहिए। अगर आज के युवा निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाना चाहते है तो उन्हें उनके लिए हुए संकल्प को पूरा करने की दिशा में काम करना होगा। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

डीएसपी की पिटाई से घायल पीड़ित से मिलने पहुंचे आजसू के तमाड़ प्रभारी

आरोपित डीएसपी पर हो कड़ी कार्रवाई : राम दुर्लभ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

पीड़ित युवक से मिलने पहुंचा आजसू का प्रतिनिधिमंडल।

बुंडू। डीएसपी के हाथों विगत 19 दिसंबर को बुरी तरह पिटाई से घायल उज्जवल कुमार से मिलने रविवार को आजसू के तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पहुंचा था। इसमें जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, नगर उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, तमाड़ प्रभारी श्याम महतो, वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा, जिप प्रतिनिधि ताराचंद मुंडा, कड़िया मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, भय भंजन महतो, शशि भूषण सिंह मुंडा आदि शामिल थे। सभी ने एक स्वर में घयना की घोर निंदा की। गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले ही बुंडू डीएसपी द्वारा उज्जवल को मारकर हाथ तोड़ दिया गया था। आजसू ने कहा कि बुंडू डीएसपी के खिलाफ जांच हो और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इधर, तमाड़ विधानसभा के पूर्व विधायक सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कालीचरण मुंडा भी उज्जवल से मिलने उसके आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। उनहोंने डीएसपी के इस कृत्य की घोर निंदा भी की।

तमाड़ के भाजपाइयों ने सुशासन दिवस के रूप में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

तमाड (आजाद सिपाही)। तमाड़ सरस्वती विधा मंदिर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपाइयों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ऊं कार, माता शारदे के साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, अजय कुमार, रूणमलता देवी, महावीर सोनी आदि ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अजय कुमार, रुणमलता देवी, उप प्रमुख शकुन्तला खंडित, महावीर सोनी, जय सिंह मुंडा, बिरेंद्र मुण्डा, मंगल स्वांसी, बुधनलाल स्वांसी, नंदिता देवी, नवमी कुमारी आदि मौजूद थे। इधर कार्यक्रम के अंत में तुलसी जयंती पर तुलसी दिवस भी मनाया गया। साथ ही तुलसी पौधा का पूजन और आरती किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मन की बात सुनी।

तमाड़ में चयन प्रक्रिया से फाइनल के लिए 10 प्रतिभागियों का किया गया चयन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। वायस ऑफ तमाड़ की ओर से आयोजित प्रतिभागियों का चयन रविवार को हाईस्कूल मैदान में फाइनल ऑडिशन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें चयनित होकर 25 प्रतिभागी सेमीफाइनल में पहुंचे । इनमें से 10 प्रतिभागी का चयन फाइनल के लिए किया गया। चयनकर्ताओं ने प्रज्ञानंद दास को प्रथम, संगीता कुमारी को द्वितीय और सुकलाल लोहरा को तृतीय पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, अन्य प्रतिभागियों को भी संजू बाबा द्वारा सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन पूरे पंचपरगना क्षेत्र के लिए सराहनीय है। इस आयोजन से गांव की छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद कुमार, दल गोविंद मांझी, नंदा नायक, अभय कुमार मुखर्जी, अमर महतो, संजय कुमार साहू, राजनंदन स्वासी, सत्य नारायण मुंडा और कुलदीप सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

एसएसबी जवानों ने किया अफीम के पौधों को नष्ट

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कनकट्टा गांव के जामटोली, पारटोली और बड़टोली में एक एकड़ जमीन में लगे अफीम के पौधों को एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानों ने सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आर के नेतृत्व में गांव में जाकर अफीम के पौधों को नष्ट किया। साथ ही पता लगाने की भी कोशिश की कि अफीम के पौधों को किसने लगाया। उक्त अभियान में इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार के अलावा एसएसबी के 20 जवान उपस्थित थे। इसके पूर्व जवानों में इन्हीं गांव में कुल आठ एकड़ में लगे गांजा के पौधो को नष्ट किया था।

तमाड़ : सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

तमाड (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर सलगाडीह के निकट रविवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में 55 वर्ष एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मेघनाथ महतो के रूप में हुई है। वह सोसोडीह गांव का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से बुंडू की ओर जा रहा था, तभी रांची से टाटा जा रही एक कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मेघनाथ को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, हालांकि अस्पताल पहुंचने के पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, प्राथमिक पड़ताल में कार राहुल सुमन नामक व्यक्ति की बतायी जा रही है। यह कार 15 जुलाई 2022 को खरीदी गयी है। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस कार व चालक की तलाश कर रही है।

सिल्ली में चला अवैध शराब के खिलाफ अभियान

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोचों गांव के स्वर्णरेखा नदी किनारे छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से करीब 1200 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया गया। साथ ही कई लीटर शराब जब्त किया गया। इसके अलावा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली समाग्रियाँ जब्त की गई। वहीं कई स्थानों पर बनाई गई भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि घटना के बाद से शराब भट्ठी संचालक फरार है। थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। फरार आरोपित की तलाश जारी है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 12 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौतम मुंडा के रूप में हुई है। वह टिमपुर गांव का रहने वाला था। घटना रविवार की अपराह्न तीन बजे की है। जानकारी के मुताबिक गौतम अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी अचानक ट्रेक्टर की चपेट में आ गया। पुलिस की मदद से तत्काल उसे तमाड़ अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घनस्याम मुंडा का बेटा था।

बुंडू में रक्तदान शिविर का आयोजन, 83 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

बुंडू (आजाद सिपाही)। राधा रानी मंदिर परिसर में मजदूर सेवा संगठन की ओर से 10वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में कुल 83 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष जीत मोहन प्रमाणिक ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है। इस जीवन को बचाने के लिए हमें सहयोग दें। रक्तदान महादान हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेश उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी पंकज भूषण उपस्थित थे। मौके पर सूरज भगत, वार्ड पार्षद कैलाश हलवाई, इरशाद रजा, नवीन जयसवाल, दिवाकर प्रजापति, सुनील गोराई, सुनील गोस्वामी, उदित गोस्वामी, गुड्डू भोक्ता, चंडी पाल कुंडू, रणधीर मुंडा, असित कुमार कुंडू, अजय कुंडू, सजल कुंडू, अरुण जैन, अंकित जैन, मनोज सिंह, मयंक मिश्रा, सनत चेल, अनूप चेल, जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, रंजीत लहरी, रंजीत मोदक व कवि नायक आदि उपस्तित थे।

ओम साईं नमो नमः के नारे से गूंज उठा लापुंग सरसा का साई मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। लापुंग स्थित शिरडी साई ग्राम विकास केंद्र सरसा साईं मंदिर में रविवार को वर्ष के अंतिम रविवार को वार्षिक साईं महोत्सव मनाया गया। आयोजन शिरडी साईं ग्राम विकास केंद्र लापुंग के तत्वावधान में किया गया। प्रातः 5-30 बजे सुबह कांकड़ आरती, 6:00 बजे बाबा का अभिषेक, 8-30 बजे बाबा का भोग लगाया गया। दोपहर ग्यारह बजे से आनन्द दरगढ़, रांची के युगल दरगढ़ व धनबाद के छाबड़ा ग्रुप के द्वारा साई भजन का आयोजन किया गया। साई मन्दिर पूसर भक्तिमय हो गया ।विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया इसमे सैकड़ो लोग भण्डारा का लाभ उठाया। कार्यक्रम का आयोजक राँची के कान्हा ग्रुप के द्वारा कराया गया साथ ही दर्जनो लोगो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। 4-30 बजे संध्या आरती तथा रात्रि दस बजे बाबा सेज शैय्या आरती के उरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर ओम साईं नमो नमः ए सद्गुरु साईं नमो नमः ए जय-जय साईं नमो नमः से गुंजायमान रहा। अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पुजारी विभिषन पांडे व जोगेश्वर भगत, पंचाक्षरी स्वामी के द्वारा सारे अनुष्ठान कराये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संतोष चौरसिया, सचिव सतेन्द्र भगत कोषाध्यक्ष अमित लाल प्रबंधक मनोज उरांव लेखापाल राजेंद्र राम के अलावे कमेटी के सदस्यों का योगदान रहा।

समाजसेवी ने निर्मल महतो जयंती पर गरीब, वृद्ध, विधवा व विकलांगों में बांटे तीन सौ कंबल

कांके (आजाद सिपाही)। काँके के मनातू गाँव में निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर गरीब, वृद्ध, विधवा, विकलांगों के बीच तीन सौ कंबल का वितरण किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काँके थाना प्रभारी बृज कुमार व जिप सदस्य सुषमा देवी, ठानो मुंडा, ग्राम प्रधान राजेश मुंडा, भाजपा के दीपक महतो, थाना के ग्यास खान, आदर्श कोचिंग के संस्थापक शमशेर पिंटू, मुखिया पूनम देवी, उप मुखिया प्रतिमा देवी, पंसस लीला देवी, मनोज महतो, संजय महतो इत्यादि अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर निर्मल महतो की जीवनी पर आधारित भाषण प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में अंजली कुमारी, विवेक महतो को प्रथम पुरस्कार एवं सुजल महतो, श्वेता कुमारी,अभि महतो को द्वितीय पुरस्कार मिला। अनूप कुमार महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही कहा कि गरीबों को कंबल देने से ठंड से उनको काफी राहत मिलेगी।

मारुति मंगल परिवार ने ओरमांझी के अंचल मैदान में 5500 कंबल का वितरण किया

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। सामाजिक एवं धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार के द्वारा ओरमाँझी के अंचल मैदान में गरीब, वृद्ध एवं असहायों के बीच 5500 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अनुपमा देवी, जिपपू सरिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक, शिवनाथ मुंडा, रमेश बेदिया, पंसस प्रवेश भोगता, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा के संग संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो, सुमेश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकंद कुमार, मीडिया प्रभारी संदीप रुद्रा, जिला समिति के निरंजन गोप, भोला कोइरी, अजय जोगी, मदन कुमार, कामेश्वर महतो और राजू बैठा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर बेदिया के द्वारा किया गया।

ओरमांझी में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। झारखंड नागरिक विकास परिषद के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती झारखंड नागरिक विकास परिषद के द्वारा राम भवन दड़दाग में मनायी गयी। रामभवन में आयोजित कार्यक्रम में वाजपेयी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। अटल जी के साथ राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि अटल जी सबकी भावनाओं को समझने वाले नेता थे। वे राजनीतिक से ज्यादा व्यक्तिगत संबंधों को प्राथमिकता देते थे। इस अवसर पर प्रो शैलेन्द्र मिश्र, राजीव रंजन कुमार, रणधीर चौधरी, धनीलाल महतो, रेणु चौधरी, शांति चौधरी, सुनील महतो, युगेश महतो, राज हंस 'राज' सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन परिषद के उपाध्यक्ष रणधीर चौधरी ने करते हुए वाजपेयी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

बेड़ो में भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दिघिया पंचायत के तूको दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी। मौके पर वक्ताओं ने उनके जन्म से जुड़ी अनेक घटनाओं को याद किया तथा उनकी कविताओं का गुणगान किया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों के अनुरूप चलने और उनके जीवन से जुडी प्रेरणादायक बातों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल के महामंत्री बलराम सिंह, राजेश साहू, मंत्री आदित्य साहू, पंचायत प्रभारी विनोद साहू, एससी मोर्चा शक्ति राम, बाल किशन राम, कमल उरांव, दिनेश साहू, रमन साहू, सोनू ठाकुर, राणा महतो, मुरली सिंह, मोनू सिंह, छुनकु साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दुर्घटना : गया जिले के बाराचट्टी से हुंडरू फॉल घुमने आ रही स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी

दर्जन भर बच्चे हुए घायल, तीन की स्थिति गंभीर

सिकिदिरी थाना प्रभारी के नेतृत्व में घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से इलाज के लिए रिम्स भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

सिकिदिरी। सिकिदिरी-हुंडरू फॉल पथ के डाक्टर मोड़ के सामने स्कूली बच्चों से भरी बस पलटने से दर्जन भर स्कूली बच्चे घायल हो गये। घायलों में तीन बच्चों की स्थिति गंभीर हैं। सभी घायलों को सिकिदिरी थाना की पुलिस ने रिम्स भेज दिया है। घटना रविवार डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि गया जिला के बाराचट्टी थाना अंतर्गत बुनियाद बीघा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर से शिक्षक समेत 64 बच्चे प्राचार्य विक्रम कुमार के नेतृत्व में बस नं. बीआर-02 डब्लू 5769 में सवार होकर हुंडरू फाल घुमने जा रहे थे। इसी दौरान डाक्टर मोड़ के सामने तीखा मोड़ होने के कारण चालक ने बस से अपना संतुलन खो दिया। जिससे बस अनियंत्रित हो कर पलट गयी। बस के पलटते ही बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। सभी बच्चों की उम्र 15 से 16 साल के बीच है। बस के चालक और सह चालक मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना की पुलिस थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि के नेतृत्व में घटनास्थल पहुंचकर घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से इलाज के लिए रिम्स भेजा। मामूली रूप से जख्मी बच्चों और शिक्षकों को पुलिस थाने में लाकर स्थानीय चिकित्सक से इलाज करवायी। थाने में बच्चों के चेहरों में भय का माहौल साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। बच्चे काफी डरे-सहमे हुए थे। पुलिस की ओर से घटना की सूचना बच्चों के स्वजनों को दे दी गई है।

घायल बच्चे, जिनको रिम्स भेजा गया

घायलों में शुभम कुमार, रोबिन कुमार, संदीप कुमार, नेहा कुमारी, लालती कुमारी, कुमकुम कुमारी, रेणु कुमारी, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, पंकज कुमार, रौशन कुमार और राहुल कुमार शामिल हैं। इनमें शुभम कुमार, संदीप कुमार व नेहा कुमारी को सिर सहित शारीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आयी है।

खिजरी मंडल भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

ग्रामीण भारत के विकास की मजबूत नींव रखने वाले अटल जी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा : अशोक मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। भाजपा खिजरी मंडल के कार्यकताओं द्वारा सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में रविवार को भारत के विकास और सुशासन युग की शुरूआत करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती मनाई गयी। अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की।

इस मौके पर अटल जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय राजनीतिक पटल पर मूल्यों व आदर्शों की राजनीति स्थापित कर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले, भाजपा के पितृ पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हमसभी कार्यकर्ता उनको नमन करते हैं। कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा। ग्रामीण भारत के विकास की मजबूत नींव रखने वाले अटल जी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

इस मौके पर समीर राय, गोरखनाथ सिंह, सुजीत कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार, तुलसी गोप, प्रज्ञा भारती, जयंती देवी, निर्मला सिंह, शंकर सिंह मुंडा, शिल्पी कुमारी, रमेश लकड़ा, धनिसिंह मुंडा, सोहराई पाहन सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर नामकुम और टाटीसिलवे के विभिन्न पंचायतों के बूथों पर मन की बात कार्याक्रम सुनी गई।

भाजपा सिकिदिरी मंडल ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सिकिदिरी मंडल के बैनर तले आज रविवार के दिन नवागढ़ गॉव मे श्रद्धेय अटल विहारी वाजपेय जी का जन्म दिवस मनाया गया। साथ ही माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्य क्रम का भी सुना गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधयाक राम कुमार पाहन जी उपस्तित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के द्वारा किया गया व संचालन दिलीप कु मिर्धा ने किया। कार्यक्रम में बुधराम बेदिया नन्दलाल राम ,पंचम भोगता,मनमोहन भोगता,धनेस्वर बेदिया,आदि ने सम्बोधन किया। मौके पर बिकाश मिर्धा ,मंटू मिर्धा ,सुलेन करमाली ,कमल मिर्धा, गहनु बेदिया, सुखराम बेदिया, पूनम देवी,सती देवी,संजुड़ा देवी ,जशोदा देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ने गरीबों के बीच कंबल बांटे

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने सुशासन दिवस के अवसर पर रविवार को थाना क्षेत्र के मेड़ी गांव में गरीबो के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने 80 असहायों के बीच कंबल तथा 40 बच्चों के बीच स्वेटर तथा जैकेट बांटा। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबो को कंबल मिलने से काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्यवासियों को केवल हसीन सपने दिखा रही है। इस अवसर पर अमृत महतो, वीर सिंह मुंडा, अर्जुन महतो, सुरेश महतो, जनार्दन साहु समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम : गोंदलीपोखर में झारखंड कुरमी महासभा ने शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी

झारखंड आंदोलन में निर्मल दा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : कारीनाथ

शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। झारखण्ड कुरमी महासभा ने रविवार को गोंदलीपोखर में शहीद निर्मल महतो की 72वीं जयंती धूमधाम के साथ मनायी। इस अवसर पर झारखण्ड कुरमी महासभा के प्रदेश युवा महासचिव पंकज कुमार महतो के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मौके पर पंकज कुमार महतो ने कहा कि वीर शहीद निर्मल दा का सपना था झारखण्ड एक समृद्ध एवं कुशल राज्य बनाने का जो अभी अधूरा है। उनके सपनों को पूरा करने के लिए हमें एकजुटता के साथ आगे संघर्ष करना पड़ेगा। महासभा के प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो ने कहा कि झारखण्ड आंदोलन में शहीद निर्मल दा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपनी प्राणों की आहुति देकर अलग राज्य के संघर्ष की नींव रखी थी। मौके पर महासभा की ओर से शहीद निर्मल महतो प्रतिमा स्थल के जर्जर हो चुके चबुतरे के एक भाग की मरम्मति का निर्णय लिया गया। मौके पर जगन्नाथ महतो, बृजलाल महतो, मोहन महतो, सकलनाथ महतो, रामेश्वर महतो, रामलाल महतो आदि ने भी माल्यार्पण कर शहीद निर्मल दा को नमन किया।

नामकुम में याद किये गये शहीद निर्मल महतो

नामकुम (आजाद सिपाही)। नेशनल पीपुल्स पार्टी की ओर से रविवार को झारखंड अलग राज्य के प्रणेता निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलनकारी थे। उन्होंने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ते-लड़ते अपनी जान दे दी। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, महिला नेत्री शांति कुजूर, संगीता तिर्की, अंजू देवी विशाल चंद्रा, अनथन लकड़ा, जोसेफ लकड़ा, मंजूद अंसारी, जितेंद्र सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

सुकुरहुटू में शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी

कांके (आजाद सिपाही)। निर्मल महतो स्मारक समिति सुकुरहुटू कांके के तत्वावधान में शहीद निर्मल महतो चौक सुकुरहुटू में निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का आयोजन निर्मल महतो स्मारक समिति के द्वारा किया गया। समिति के दिलेश्वर महतो व संजीव महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो एक जननायक थे। इनके द्वारा किए गए सभी सामाजिक कार्य सदैव याद किये जाएंगे। सभी ने उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में सुकुरहुटू दक्षिणी पंचायत की मुखिया अनीता मुंडा, पंसस सुनीता देवी, दिलेश्वर महतो, बल कुमार महतो, संजीव महतो, चंदन बैठा, राजेंद्र, पवन, कान्हा, प्रीतम, सुनील, शतिस, अमन, राजेश व ग्रामीण मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके पर नगड़ी के सपारोम स्थित संत मार्क चर्च और संत अंथोनी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा और मिस्सा आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के ईसाई समाज के लोगों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से कैरोल गीत गाए। साथ ही टिकराटोली स्थित बिलिवर्स चर्च, पतराचौली चर्च, नगड़ी पोखर टोली स्थित चर्च और केसारो स्थित चर्च में भी बड़ी संख्या में लोग विशेष प्रार्थना में शामिल हुए। मौके पर कई घरों में लोगों ने आकर्षक चरनी बनाई और प्रभु यीशु को याद किया।

नामकुम प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशू का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। एक दूसरे को बधाई दी। वहीं अभिभावकों ने छोटे बच्चों को उपहार दिये। क्रिसमस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। गिफ्ट गैलरी में सांता क्लाज की ड्रेस और टोपी की खासी डिमांड रही। आकर्षक उपहार देकर एक-दूसरे को बधाई दी। फेसबुक, वाट्सएप, ट्वीटर, मोबाइल के माध्यम से अपने क्रिसमस की शुभकामनाएं देने का सिलसिला चलता रहा। पीएच चर्च नामकुम और संत फ्रांसिस आसिसी चर्च आरागेट में सुबह साढ़े दस बजे प्रार्थना शुरू हुयी। इस दौरान पादरी ने प्रार्थना करायी। चर्च परिसर में विशेष सजावट की गयी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चे सांता क्लाज की ड्रेस में चर्च पहुंचे। जहां उन्होंने खूब मस्ती की। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और केक, अरसा व चाकलेट वितरित की।

महावीर मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

इटकी (आजाद सिपाही)। बनिया टोली स्थित महावीर मंदिर में केंद्रीय कीर्तन मंडली के तत्वावधान में सुंदरकांड का पाठ किया गया। पंडित सत्रुघन पांडेय के नेतृत्व में पाठ प्रारंभ किया गया। पाठ में मुख्य रूप से आलोक केसरी, मनोज केसरी, बैजनाथ केसरी, राकेश राम, सुनील पांडे सहित काफी संख्या में कीर्तन मंडली के लोग उपस्थित थे।

क्षतिग्रस्त बिजली टावर को पुलिस ने जब्त कर लिया

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी थाना क्षेत्र में चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर वे दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना क्षेत्र के मोरो चापा टोली के समीप चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किये गये बिजली के हाईटेंशन टावर को पुलिस ने शनिवार को जब्त कर लिया। डीएसपी रजत मणिक बाखला के निर्देश पर जब्त टावर को देर शाम थाना लाने की कार्रवाई शुरू की गयी। टावर की देखरेख के लिए चार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी। थाना प्रभारी रजनी रंजन के अनुसार 4.20 लाख वोल्ट पावर के बगैर तार के उक्त टावर को चोरों द्वारा एंगल की चोरी कर पूर्व में ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इससे दो दिन पूर्व टावर टूट कर जमीन पर गिर गया। चोरी किये जाने की सूचना पर पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंची, परंतु पुलिस के आने से पूर्व ही चोर भाग गये।

स्कॉर्पियो की चपेट में आने से युवक की मौत

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर थाना क्षेत्र के तिग्गा पेट्रोल पंप के निकट एनएच 75 पर शनिवार की रात लगभग 9:00 बजे हुए सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जाहेर गांव निवासी 40 वर्षीय रामवृत लोहारा अपनी मोटरसाइकिल से मांडर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान तिग्गा पेट्रोल पंप के निकट तेज गति से जा रही एक स्कॉर्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क पर गिरते के साथ ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्कॉर्पियो का चालक स्कॉर्पियो को वहीं छोड़कर फरार हो गया। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने रामवृत्त को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मांडर पुलिस ने मृतक की बाइक और स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी देवरी नगड़ी का पुनर्गठन, दिलरूबा हुसैन बने सदर

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। अंजुमन इस्लामिया कमेटी देवरी नगड़ी का पुनर्गठन को लेकर रविवार को बैठक देवरी में शिक्षाविद् ऐनुल हक अंसारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में नगड़ी देवरी के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में दोबारा सर्वसम्मति से निर्विरोध अंजुमन इस्लामिया कमेटी नगड़ी देवरी के सदर के रूप समाजसेवी दिलरूबा हुसैन, सेक्रेटरी मो. फिरोज अंसारी, उप सदर मोबीन अंसारी तथा उप सेक्रेटरी सफीक आलम का चयन किया गया। इसके अलावे पचास कार्यकारणी सदस्य शामिल किए गये हैं।

आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती के साथ-साथ वार्षिक उत्सव भी मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के रामलखन गुप्ता ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को निर्वहन करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर का प्रशंसा की और कहा की सरस्वती विद्या मंदिर भारतीय शिक्षा संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। क्षेत्र संचालक देवव्रत पाहन पंडित मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेई को नमन करते हुए कहा कि मालवीय जी के आदर्शों पर चलते हुए इस विद्यालय को खड़ा करने कि जो सोच अपनाई गई है वह बड़ा ही सराहनीय है। वहीं कार्यक्रम में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री ब्रह्मा राव, क्षेत्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम अवतार नरसरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष विष्णु जालान ने अभिभावकों से आज की शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को विद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य दीदी एवं कर्मचारी बृंद की सहभागिता रही है।

शहर में भय फैलाने की राजू तिर्की की योजना को पुलिस ने किया ध्वस्त

राजू तिर्की के सात सहयोगी गिरफ्तार चार देशी कट्टा और गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना पुलिस ने शहरी क्षेत्र के व्यवसायियों का भयादोहन कर रंगदारी मांगने के कुख्यात अपराधी राजू तिर्की गिरोह के मंसूबे को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई में शनिवार व रविवार को विभिन्न क्षेत्रों से बारी-बारी से सात आरोपी गिरफ्तार किए गए है। इनके पास से तीन देसी कट्टा व एक पिस्टल सहित भारी संख्या में जिंदा कारतूस व सात मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पिछले दिनों से वरीय पदाधिकारियों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि अपराधी राजू तिर्की गैंग द्वारा शहर में पुनः अपना वर्चस्व कायम करने के साथ शहर के व्यवसायियों के साथ कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है। शनिवार को एसपी के निर्देश के आलोक में सदर एसडीपीओ मेदिनीनगर के निर्देशन में तीनो टीओपी प्रभारियों को सतर्क करते हुए अपने-अपने क्षेत्र गश्ती दल को सक्रिय करते हुए कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसी दौरान मिले गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को पांकी रोड रेड़मा श्रमिक शेड स्थित गुप्ताजी के जेनरल दुकान से विक्की कुमार गुप्ता को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने राजू तिर्की के साथ अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली। बाद में इसकी निशानदेही पर विभिन्न जगहों से शेष आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद मोबाइल फोन पर राजू तिर्की से संपर्क करने के प्रमाण भी मिले हैं। इस आरोप में राजू तिर्की व एलेक्स पिहु पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई। कुल सात लोगों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। इनमें गढ़वा मझिआंव निवासी राजीव रंजन पांडेय उर्फ सन्नी पांडेय उर्फ लोरेन्स सन्नी, शहर थाना के कांदू मुहल्ला निवासी विक्की कुमार गुप्ता पिता बबलु गुप्ता, सुबोध सिंह, आर्यन सिंह उर्फ आर्यन सिंह भूमिहार रेड़मा नियर गंगा अस्पताल के पास, तरहसी निवासी पियुष सिंह उर्फ पियुष सिंह भूमिहार, सदर थाना के चियांकी निवासी रोशन पासवान उर्फ बिट्टू व शहर थाना के नावाटोली निवासी आदर्श सिंह के नाम शामिल है। इसमें दो आरोपितों की उम्र 18 वर्ष की बताई गई है। अभियान में शामिल पुलिस टीम में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,पुअनि रवि शंकर, जितेन्द्र कुमार, रेवाशंकर राणा,टीओपी टू प्रभारी रुद्रांश सरष सहित अन्य के नाम शामिल है।

शिव गुरु का शिष्य होना महानतम क्षण है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी प्रखि के लोहरसी चट्टी में शिव चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें में मुख्य अतिथि के रूप में माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आईए शिव को अपना गुरु बनाएं। सचमुच जो बातें अब तक साधु और शास्त्रों तक सीमीत था। शिव गुरु हैं, गुरुओं के गुरु हैं। आज हमारे आपके निजी जीवन में गुरु हो सकते हैं। शिव की पूजा कई सदियों से हो रही है परन्तु शिव को अपना गुरु बनाने का सौभाग्य इस सदी में जन जन को मिला है। शिव को अपना गुरु बनाने का सौभाग्य आज हमको मिला है तो कुछ आध्यात्मिक कारण जरूर है। आज के परिवेश में सारे पूजा पाठ यम नियम से भरा पड़ा है, इस जटिलता से निकलने के लिए बिना कोई शर्त शिव को अपना गुरु बनाकर पूजा के परिणाम तक पहुंचा जा सकता है तथा अपने आप को जाना जा सकता है। इस समय के काल चक्र में शिव को अपना गुरु बना लेना ही महानतम क्षण है। इस अवसर पर अमोद सिंह, कमलदेव सिंह, गोखुलानंद तिवारी, ओंकार तिवारी, कामेश सोनी, नरेश जी, लव कुमार जी, लड्डू जी, विनय जी, मिथलेश जी, जितेंद्र जी, धनेश्वर जी, त्रिवेणी जी, दिनेश जी, देवनाथ जी, साकेत जी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

देवरी ओपी पुलिस ने अवैध शराब भट्टी और 1500 किलो जावा महुआ किया नष्ट

हुसैनाबाद । पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर देवरी ओपी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया ।अभियान के दौरान देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम को गुप्त सूचना मिली देवरी गांव स्थित सोन नदी के तट पर वयाप्क पैमाने पर अवैध महुआ शराब की चुलाई की जा रही है,सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव देव दल बल के साथ सोन नदी तट पर पहुँचे, पुलिस को देखते ही शराब के धंधेबाज फरार हो गए ।पुलिस ने उक्त स्थान से महुआ शराब करीब 25 लीटर व 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। थाना प्रभारी इंद्रदेव राम कहा की अवैध महुआ शराब बनाने के रोकथाम के लिए यह छापेमारी अभियान जारी रहेगा ।इस अभियान में देवरी एएसआई मिथिलेश यादव, नागेंद्र सिंह, मो इरफान अंसारी, समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।

किसान मित्रों की हुई बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के पंच सरोवर पार्क परिसर में रविवार को किसान मित्र संघ की बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने जबकि संचालन संघ के सचिव नागेंद्र सिंह के द्वारा किया गया ।बैठक में किसानों और किसान मित्र की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। किसान मित्रों को दो साल से प्रोत्साहन राशि नही मिला है, जिससे विभाग के प्रति किसान मित्रों में भारी आक्रोश है ।हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा किया गया ।दाखिल खारिज ऑनलाइन रशीद ,पीएम किसान योजना के नाम पर अंचल कार्यालय में लूट मचा हुआ है ।जिसके चलते किसान अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान है ।एक तरफ किसान सुखाड़ की मार झेल रहे है और सरकार भी सिर्फ किसानों को ठगने का काम कर रही है ।धान अधिप्राप्ति योजना में किसानों को जो 110 रुपये प्रति किवंटल बोनस दिया जाता था उसे घटाकर सिर्फ 10 रुपये प्रति किवंटल कर दिया गया है । साथ ही सुखाड़ की मुवावजा की राशि 3500 रुपए बहुत ही कम है ।इससे किसानों का भला नही हो सकता है ।

मन भी जीतेंगे, मैदान भी जीतेंगे : मनोज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का घर-घर यात्रा निरंतर जारी है। निकाय चुनाव टलने के बाद मनोज की यह यात्रा जारी है। उनकी यह सक्रियता बताने के लिए पर्याप्त है कि वह अपने मुद्दों पर गंभीर और उनका लक्ष्य जन सेवा के साथ यह संकल्प भी है कि मेदिनीनगर का सवार्गीण विकास करना है। घर-घर यात्रा के दौरान श्री सिंह लोगों से उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों की शिकायतों को सुनकर, त्वरित अपने क्षमता अनुसार समस्याओं का निदान भी कर रहे हैं। कहीं सड़क बनवा रहे हैं तो कहीं खराब पड़े चांपाकलों की मरम्मति तो कहीं जरूरतमंदों को कम्बल बांटते भी दिख रहे हैं। वार्ड 6 के भ्रमण के दौरान पूछने पर मनोज बताते हैं कि राजनिति में आने से पूर्व जनसेवा के भाव से ऐसे कार्यक्रम वह वर्षों से करते आ रहे है,यह उनके लिए नया नहीं है। क्योकि मेरा जीवन जन सेवा और जन भावना के प्रति समर्पित है। जन भावना यह है कि मैं निगम का चुनाव लड़ूँ और जनता की सेवा करूँ। जनता के भावानाओं और आदेश का सम्मान करते हुए जनता का मन और चुनाव का मैदान जीतने के लिए निकला हूँ। आमजनों की आशा आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने के लिए वह पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए रात-दिन एक कर देगें। मेदिनीनगर नगर निगम को प्रगति के पथ पर ले जाने के साथ-साथ एक आदर्श निगम का निर्माण भी होगा। पिछले पांच वर्षों में नये जुड़े हुए क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है, लेकिन अब लोग एक नयी उम्मीद की किरण को देख रहे हैं। मेरे कार्यकाल में किसी तरह का भी भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। नए जुड़े हुए क्षेत्रों का विकास पर अपेक्षित ध्यान दिया जायेगा। घर घर यात्रा मे गिरवर सिंह, दिलीप सिंह, अरविंद सिंह, राकेश सिंह, अक्षय सिंह, अमित सिंह, शंकर उरांव, एता उरांव, राजेश उरांव, अशोक कश्यप, सूर्यदेव सिंह सहित कई वार्ड के लोग शामिल थे।

पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर भाजपा के वरीय नेता ने मुसहर परिवार के बीच खाद्य सामग्री व गर्म वस्त्र का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

पांडू(पलामू) । भाजपा के संस्थापक सह भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव व उनके सहयोगियों ने विस्थापित 50 मुसहर परिवार के बीच चावल, चूरा, आलू, गुड़ एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के बेसहारे परिवार को सहयोग करने में आत्मसंतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि पिछले 29 अगस्त को इस 50 मुसहर परिवार को मुरुमातु से एक समुदाय विशेष के द्वारा उजाड़ा गया है तब से यह पीड़ित परिवार पांडू के पुराने थाना भवन में शरण लिए हुए हैं। उन्होंने बताया यह विस्थापित पीड़ित परिवार ने पिछले चार माह से अपने न्याय को लेकर पुलिस प्रशासन व पदाधिकारियों से गुहार लगाया लेकिन आज तक इस परिवार को कोई न्याय नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि सबसे सोचनीय विषय है कि ऐसे परिवार के सहयोग के लिए आगे आने पर प्रशासन के द्वारा झूठा मुकदमा कर लोगों को परेशान किया जा रहा है और मानसिक रूप से पड़ताडित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस हरकत से भाजपा के सिपाही नहीं डरते हैं। गलत होने पर पुरजोर विरोध किया जायेगा एवं डट कर उसका सामना भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ा है, पदाधिकारी भी बेलगाम हो गए हैं। चार माह बीत गए आखिर इस मुसहर परिवार को कब न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस विस्थापित मुसहर परिवार के सहयोग में हम सभी एकजुटता के साथ खड़े हैं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कृष्णविजय सिंह, खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के छात्रों ने लहराया परचम

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के राजकीयकृत मध्य विद्यालय के वर्ग आठ के पास आउट बच्चों ने मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में सफलता हासिल की हैं। है। सफल अभ्यर्थियों नाम का विकास पाल, कुमार, रजनीश कुमार, अनिरुद्ध कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, सन्ना कौशर सहित अन्य हैं। ये सभी अभी नौवीं कक्षा में अध्ययनरत है। सफल विद्यार्थियों को चार साल में छात्रवृत्ति की राशि 48,000 रुपये है, यानी प्रत्येक माह 1000 रुपये है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने सभी को विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नही होता है,निरंतर प्रयास और कड़ी परिश्रम सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। सफल बच्चों ने बताया कि मध्य विद्यालय की पढ़ाई और कोरोना काल में सतत ऑनलाइन की पढ़ाई हम सबों के लिए काफी कारगर सिद्ध हुई है और अभी भी नौवीं वर्ग में पूर्व अर्जित जानकारी व प्रत्येक शनिवार को होने वाली विषयगत साप्ताहिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मील का पत्थर साबित हुई है ।

नसबंदी करानेवाले पुरुष को चिकित्सा प्रभारी ने उपहार देकर किया सम्मानित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार के द्वारा मुहिम चलाई गई है ।कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का चलाया जा रहा है। जिसमे जागरूकता के लिए नसबंदी कराने वाले पुरुष को सरकार के द्वारा 3 हजार की राशि भी दी जा रही है। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर पुरुष भी सजग हो गए है ।हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द गांव के बलराम मेहता उम्र 30 वर्ष नसबंदी के लिए अपना रजिस्ट्रेशन हुसैनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कराया था। उनको नसबंदी कराने के उपरांत घर लौट रहे लाभार्थी बलराम मेहता को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार व चिकित्सक डॉ0 पीएन सिंह ने प्रेशर कुकर देकर सम्मानित किया साथ ही साथ आशा उत्प्रेरक को भी प्रेशर कुकर देकर सम्मानित किया ।मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दीपक कुमार ने कहा सरकार के द्वारा पुरुषो को नसबंदी के उपरांत 3 हजार की राशि भी भुगतान की जाएगी ।उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के लिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी आगे बढ़कर नसबंदी कराकर सरकार द्वारा चलायी जा रही जनसंख्या नियंत्रण को अपनाने की जरूरत है ।मौके पर बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

कांडी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) । लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महविद्यालय की प्राचार्या नूतन रानी तीन संस्थानों के सभी शिक्षकेतर कर्मियो के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। साथ ही कांडी भी परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यालय प्रबंधन द्वारा सतबहिनी पर्यटक स्थल गये ।जहां प्राकृतिक सौंदर्य व अलौकिक दृश्य देखा। सतबहिनी स्थित ऐतिहासिक मंदिर एवं गुफाओं का भी दर्शन किया। इसके अलावे वनभोज का भी लुफ्त उठाया। वनभोज के दौरान परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। शिक्षणिक भ्रमण में लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय रेहला,शिवेश्वर चंद्रवंशी महाविद्यालय मझिआंव एवं कन्या मध्य विद्यालय कांडी के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी शामिल रहे। इस वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण के सफलता में प्राचार्या नूतन रानी, प्रभारी प्राचार्य रमेश राम,प्रोड्ड पुष्पा कुमारी, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या नीलम केशरी, मिथलेश कुमार चन्द्रवंशी, संजीत कुमार चन्द्रवंशी, आशुतोष कुमार सिंह, मिथलेश कुमार पांडेय, सुशील कुमार सिंह,बागिस मिश्रा, किरण सिंह, शोभा कुमारी, श्वेता पाल, रीता कुमारी, ज्योति कुमारी सहित तीनो संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी शामिल थे।

एकता गांव को जानेवाली सड़क को मरम्मत का इंतजार, कई दशकों से नहीं हुई मरम्मत

पप्पू कुमार

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। आजादी के बाद कितनी सरकारें आई और गई लेकिन यहां जनप्रतिनिधि केवल वोट बैंक की राजनीति और बडे बडे वादे कर सत्ता में काबिज हो गए। आज जहां फोर लेन और सिक्स लेन की बात हो रही है वहीं एक गांव को प्रखंड से जोड़ने के लिए वहां के ग्रामीण जद्दोजहद में है। बात हो रही है सतबरवा प्रखंड में दो लोकसभा और तीन विधानसभा होने के बावजूद एकता गांव को जाने वाली सड़क पिछले कई वर्षों से मरम्मत की राह देख रहा है। यह सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है। रोड में इतने गड्ढे हैं कि पता ही नहीं चलता है कि गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढा है। जहां-तहां गड्ढे में सड़क किनारे लगे चपानल का पानी भी जमा हो जाता हैं जिससे बाइक वाले रोज दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। वही चार पहिया वाहन को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि यह कच्ची सड़क है और लगभग 5 किलोमीटर तक बड़े-बड़े पत्थर हैं पथरीला रास्ता होने के कारण दूसरे रोड की गाड़ी इसमें जाना नहीं चाहती है,वही इस रोड में लगभग दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन हर बुधवार को सवारी ओवरलोड भरकर चलती है जो इसी रोड में पड़ने वाले गांव की रहती है। तथा सैकड़ों दो पहिया वाहन रोज गुजरती है। इस रोड में सफर करने वाले लोग अपनी जान हथेली पर लेकर सफर करते हैं। पता नहीं कब गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो जाए और वे अपनी जान गंवा बैठें। सतबरवा मलय नदी पीपल के पास से यह सड़क सीधे एकता गांव जाती है जो घुटवा पंचायत के दर्जनों गांव को सतबरवा प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है।

क्या कहना है ग्रामीणों का

दरूआ निवासी अशोक उरांव ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले बना था यह रोड। उसके बाद नहीं बना है। जिसके चलते खासकर बरसात में पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। तो वहीं दुलसुलमा निवासी गणेश सिंह ने बताया कि सतबरवा प्रखंड का सभी रोड इससे अच्छा है इस पर किसी नेता और जनप्रतिनिधि का नजर नहीं जाता है सभी नेता लोग केवल वोट मांगने आते हैं और जितने के बाद शक्ल नहीं दिखाते हैं। इस रोड में केवल गड्ढा ही गड्ढा है।

पांकी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। नीलाम्बर पिताम्बरपुर (लेस्लीगंज)स्थित मौर्या फॉर्म हाउस में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सैकड़ो कार्यकताओ के साथ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जयंती मनाई। साथ ही जयंती के अवसर पर विधायक निधि की राशि से दो करोड़ 31 लाख 93 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने अपने कहा कि परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय राजनीतिक पटल पर मूल्यों व आदर्शों की राजनीति स्थापित की है। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा। ग्रामीण भारत के विकास की मजबूत नींव रखने वाले अटल जी ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, प्रो. बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, संजय चंद्रवंशी, ओम प्रकाश दुबे, सुरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, दिलीप मेहता, रामराज सिंह चेरो, पप्पू मिश्रा, मुखिया गुड्डू पासवान, गोपाल यादव, पिंटू यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, प्रकाश मेहता, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता,विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता,जितेंद्र मेहता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

कांग्रेस नगर कमेटी की समीक्षा बैठक

बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही) । कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर कमेटी का समीक्षा बैठक रविवार को बी मोड़ शाहिद स्थल परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडे ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। कांग्रेस नगर कमेटी द्वारा पिछले कुछ वर्षो के कार्यक्रमों व क्रियाकलापों की समीक्षा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रभारी भीम कुमार,विशिष्ठ अतिथि पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक व बैठक प्रभारी संतोष चौबे शामिल हुए। भीम कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता को जनता से सीधा संवाद स्थापित करने को कहा। बिट्टू पाठक ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। मौके पर कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

भारत ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को हराया, 2-0 से सीरीज की अपने नाम

भारत ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को हराया, 2-0 से सीरीज की अपने नाम



मीरपुर (बांग्लादेश)। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में रविवार को तीन विकेट से हरा दिया। शेरे बांग्ला स्टेडियम में खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत को 145 रनों का लक्ष्य मिला था। जवाब में खेल के चौथे दिन श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने बेहतरीन पारी खेल कर भारत को तीन विकेट से जीत दिला दी। अय्यर ने नाबाद 29 रन और अश्विन ने नाबाद 42 रन बनाए। इसी के साथ भारत ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। भारत ने चटगांव में खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रन से जीता था। इस मुकाबले में मिले 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 45 रन बना लिए थे। उसे जीत के लिए 100 रन और बनाने थे। चौथे दिन भी भारत ने सुबह तीन विकेट जल्दी गंवा दिए। जयदेव उनादकट 13 रन, ऋषभ पंत 9 और अक्षर पटेल 34 रन बनाकर आउट हो गए। भारत का स्कोर सात विकेट पर 74 रन हो गया। इसके बाद श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन ने जिम्मेदारी संभाली। दोनों ने भारतीय टीम को दबाव से बाहर निकाला और 71 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। अश्विन 62 गेंद पर 42 और श्रेयस 46 गेंद पर 29 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों के प्रयास से भारत ने दो मैच की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति मजबूत की।

उपविजेता झारखंड रग्बी टीम का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित सब जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में झारखंड बालक वर्ग की टीम उपविजेता बनी थी। बालिका वर्ग की टीम को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। चक्रधरपुर स्टेशन में खिलाड़ियों के पहुंचने पर खूंटी जिला रग्बी एसोशिएसन और पश्चिमी सिंहभूम जिला रग्बी एसोशिएसन की ओर से खिलाड़ियों को माला पहना कर और पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। खूंटी जिला से प्रतिनिधि के तौर पर अंजनी कुमार मिश्र, हेमंत कुमार और पश्चिमी सिंहभूम रग्बी संघ के सचिव नरेश हस्सा तथा सतीश महाराणा ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। ज्ञात हो कि झारखंड टीम के बालक वर्ग ने उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान को हरा कर सेमी फाइनल मैच में केरल को हराया। फाइनल में झारखंड का मुकाबला गत वर्ष की विजेता बिहार की टीम से हुआ था, जहां रोमांचक मुकाबले में झारखंड की टीम बिहार से 10-0 से पराजित हुई। झारखंड की ओर से आनंद केरकेट्टा, नमजन मुंडु, सुखदेव मुंडु, उत्तम धान, प्रतीक कुमार तथा सुशांत बघवार ने टीम की ओर से कई स्कोर किये और टीम को फाइनल तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके आगमन पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कुमार जालान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, सचिव हेजाज असदक, खूंटी जिला रग्बी संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार रग्बी के वरिष्ठ खिलाड़ी सह टीम के कोच संजय हेरेंज, अभिषेक टूटी और खिलाड़ी सुकेश कांडुलना, शादाब खान, रॉबर्ट होरो, अलका टोपनो, सहित कई खेल प्रेमियों बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

20 अक्टूबर को ही गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

प्रेम जाल में फांस कर ब्लैकमेलिंग का खेल, सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

16 जनवरी 2021 को भी पति-पत्नी को किया गया था गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। सुंदर युवतियों-महिलाओं को सामने रखकर पुरुषों को प्रेम जाल में फंसा कर उनका अश्लील वीडियो बनाने और बाद में उन्हे ब्लैकमेल कर मोटी रकम एठने वाले गिरोह के एक और सदस्यों को लोयाबाद पुलिस ने रविवार को बांसजोडा बाजार से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान विकास कुमार राय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह का एक सदस्य गड़ेरिया में आया हुआ है। खबर मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। एएसआई मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल गड़ेरिया पहुंच गया। जैसे ही पुलिस बांसजोडा बाजार पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आरोपी बाइक से आ रहा था। उसने पुलिस को देख लिया और बाइक छोड़ कर भागने लगा। पर सतर्क पुलिस के जवानों ने उसे दौडा कर पकड़ लिया। पुलिस की मानें तो सुदामडीह निवासी गया चौधरी ने साल 2020 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उसे एक महिला ने प्रेम जाल में फंसा कर लोयाबाद बुलाया। एक आवास में जब वह गया तो उसके साथ मारपीट की गई। कपड़ा खुलवाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया गया और उसे वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाने लगा। पुलिस ने बताया कि 16 जनवरी 2021 में पंकज राजगढ़िया की शिकायत पर सिराजुद्दीन और उसकी पत्नी पर ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में दोनों पति-पत्नी को जेल भेज दिया गया था। सिराजुद्दीन को जब रिमांड पर ले कर उससे पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को दिए बयान में पहले घटी घटना में इन आरोपितों के शामिल होने की बात कही। जिसके बाद इन लोगों का नाम गया चौधरी द्वारा दर्ज कराई गई। ज्ञात हो कि 20 अक्टूबर को तीन थाने की पुलिस इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि दो अन्य फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है।

आरोपित को गिरफ्तार कर जेल ले जाती पुलिस।

झारखंड के किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए करेंगे प्रेरित : सुनील बंसल

भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा की बैठक में शामिल हुए दिग्गज नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा की बैठक रविवार को दीनदयाल उपाध्याय सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू और संचालन प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा ने किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि झारखंड प्रदेश में मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करना है। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 को मोटे अनाज का वर्ष के रूप में घोषित किया है। झारखंड में मोटे अनाज उत्पादन की बहुत सारी संभावनाएं हैं। किसान मोर्चा किसानों के साथ मिलकर मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करेंगे। वहीं, पवन साहू राज्य की हेमंत सरकार पर जम कर बरसे। आरोप लगाया कि यह सरकार ठग व किसान विरोधी है। अगर सरकार अब भी नहीं चेती तो राज्य के किसान आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन कर सत्ता परिवर्तन करेंगें। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों में नई ऊर्जा भरने का कार्य किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अर्जून सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष काशी नाथ महतो, राजकुमार सिंह, अमरनाथ चौधरी, राजेश सिंह, मंत्री मनमीत अकेला, राजेश कुशवाहा, प्रभात सिंह, अजय मुंडा, मीडिया प्रभारी वैभव सिंह, कार्यालय सहमंत्री सुरेंद्र नाथ, अवधेश दुबे, मुकेश सिंह, विकास दुबे, सुरेंद्र मोदी, प्रमंडलीय प्रभारी राकेश कुमार, संतोष साहू, बबलू प्रसाद, आनंद मोदी, भूपेंद्र मिश्रा, मंगल सिंह भोक्ता, फनीलाल कुशवाहा, रंजीत राय, संजीत गुप्ता, मदन तिवारी, पुष्प रंजन, आईटी सेल सत्येंद्र कुमार, संजय मंडल, सफदर अली, सोशल मीडिया दिनेश सिंह तोमर, अंचल तिवारी, जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी, कार्यक्रम प्रभारी, प्रकोष्ठ संयोजक आदि उपस्थित थे।

अटल बिहारी वापपेयी जी ने रखी विकास सुशासन के नये युग की नींव : राज सिन्हा

श्रद्धा व सम्मान के साथ जिले में मनाई गई भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले में रविवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। धनबाद जिला भाजपा महानगर की ओर से प्रत्येक बूथों पर जयंती मनायी गयी। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने आवास पर अटल बिहारी वाजपेई जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि राजनीति के अजातशत्रु, विचारों के धनी अटल जी स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजों से लड़ते हुए और आजादी के बाद आपातकाल में भी जेल गये। उन्होंने कभी विचारों से समझौता नहीं किया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और उपयोगी हैं। वे आज भी करोड़ों देशवासियों के आदर्श व प्रेरणास्रोत हैं। वहीं, धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपने आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले ओजस्वी व्यक्तित्व के धनी, विश्व विख्यात कूटनीतिज्ञ व प्रेरणा स्रोत भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर स्तंभ थे। उन्होंने विकास व सुशासन के नये युग की नींव रख अपने नेतृत्व से दुनिया को भारत के सामर्थ्य से परिचित कराया और जनता में राष्ट्रगौरव का भाव जगाया। वहीं भाजपा धनबाद सदर मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान की अध्यक्षता में कोला कुसमा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, मिल्टन पार्थसारथी, चंद्रशेखर मुन्ना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीता प्रसाद बसंती देवी संतोषी आदि मौजूद थीं।

दूसरी ओर, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर झरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूतगढ़िया में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रघुराम कुमार, मनोज प्रसाद, गोरेलाल भुइंया, नागेंद्र सिंह, संतोष साव, दिलीप भारती, अखिलेश सिंह, स्वरूप भट्टाचार्य, रोहित चौहान आदि थे। उधर, टुंडी के आसन डाबर कदैया स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती केक काटकर मनाया गया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्गदर्शक पर चलने की आश्रम के लोगों को प्रेरणा दी।

भविष्यद्रष्टा थे भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी : संजय त्यागी

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। चास नगर उत्तरी भाजपा की ओर से भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती मनाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को भी सुना गया। बूथ संख्या 390 पर नगर अध्यक्ष पन्नलाल कांदू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि वाजपेयी जी 21वीं सदी के जिस उदयीमान भारत की नींव रखे थे आज उसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत की सशक्त इमारत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री रहते वाजपेयी जी द्वारा उठाए गए हर कदम में भविष्य के भारत की नींव का पत्थर छिपा थ। उनके निर्णयों में दूरगामी सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता था, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हैं जो आज के दौर में गांवों के विकास की मुख्यधारा में जुड़ने का माध्यम हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बीहारी वाजपेयी जी के आदर्श हम सब के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उनके सिद्धांत, जीवन प्रसंग और राजनीति व शासन के क्षेत्र में उनके उठाए गए कदम सदैव अनुकरणीय रहेंगे। इस मौके पर चास नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष पन्ना लाल कान्दु, गणेश राय, झन्तु दे, बुद्धेश्वर घोषल, हरेकृष्ण हराधन, झरियत, राजेश घोषाल, बिनोद सिंह, विजय शर्मा, रोशन सिंह, रंजीत बरनवाल, प्रकाश प्रमाणिक, लालू मोदक, गुलाब महतो, अरविंद राय, मंजू देवी, पिंटू कुमार पाल, शंभु दास, दीपक चंद्र बाउरी, तरुण कुमार, राज कुमार बावरी, राहुल कुमार बरनवाल, जयदीप सिंह, दिनेश महतो, दिलीप पाल, लक्ष्मण सिंह, दिनेश महतो, मुरारी शर्मा, केएन सिंह, अमित दे, डॉ दीपक दा स्वर्णकार, राजू गोस्वामी, झन्तु बाउरी, श्याम कुमार बाउरी, निताई, तपन चकरबोर्टी, नंदलाल कांदू , राजू कांदू, आशीष बाउरी, कमल दे, पिंटू पाल, सेंटी कांदू, मंटू दत्ता, अनादि, नयन, जितेन, अमृत, जयदेव, शरवान, कुला, दीनू, लंबू और सोमनाथ आदि मौजूद थे।

आजसू ने मनायी शहीद निर्मल महतो की 72वीं जयंती

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। आजसू की फुसरो नगर समिति की ओर से रविवार को शाहिद निर्मल महतो चौक में शहीद निर्मल महतों की 72वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता आजसू के नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की। झारखंड अलग राज्य के पुरोधा आजसू के जन्मदाता शाहिद निर्मल महतो की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि निर्मल बाबू झारखंडियों के दिलों में हमेशा बने रहेंगें। उनका बलिदान झारखंड के जनमानस के रूप में सदा बना रहेगा। उनकी प्रेरणा, विचार और सपनों का राज्य अभी तक अधूरा है, जिसे आजसू पूरा करेगी। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव संतोष कुमार महतो, केंद्रीय सदस्य सूरज महतो, जिला सह सचिव लोकी महतो, सांसद प्रतिनिधि सह यूनियन नेता नरेश महतो, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान, सांसद प्रतिनिधि मुकेश सिंह, नगर उपाध्यक्ष शंकर गिरी, कोषाध्यक्ष संतोष महतो, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा महतो, बेरमो प्रखंड उपाध्यक्ष बीरू हरि, विनोद महतो, महादेव महतो, पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, छात्रसंघ सचिव विक्की महतो, यूनियन के जितेश कुमार, कमल नाथ महतो, रोहित चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, दशरथ महतो, बलराम महतो आदि मौजूद थे।

संडे ड्यूटी काटे जाने से नाराज बीसीसीएल कर्मियों का विश्वकर्मा परियोजना में हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

भगतडीह। बीसीसीएल के विश्वकर्मा परियोजना में संडे ड्यूटी कटौती को लेकर रविवार को कर्मियों ने जमकर हंगामा किया। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले परियोजना वर्कशॉप के मुख्य द्वार को जाम कर करीब चार घंटे तक मरम्मति सहित अन्य कार्यों को ठप कर दिया। इस दौरान कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परियोजना में चलने वाले हैवी डंपर में डीजल तक भरने नहीं दिया। उधर, घटना की सूचना पाकर यूनियन के कई वरीय नेता परियोजना पहुंचे। उन्होंने हस्तक्षेप कर आक्रोशित कर्मियों को शांत किया। आक्रोश व्यक्त कर रहे कर्मियों का आरोप था कि धनसार प्रबंधन लगातार संडे कटौती कर रही है। रविवार को भी आठ कर्मियों का संडे ड्यूटी काट दिया गया। कर्मियों के विरोध के बाद भी कोई अधिकारी उनकी मांग पर पहल करने नहीं पहुंचते हैं। उधर, सूचना मिलते ही परियोजना पदाधिकारी जेपी मेहता, इंजीनियर इंचार्ज धीरेंद्र पाल, केशव कुमार वर्कशॉप पहुंच यूनियन नेताओं से वार्ता की। जमसं नेता अरविंद सिंह के नेतृत्व में वार्ता हुई। जिसमें परियोजना पदाधिकारी जेपी मेहता ने आठ कर्मियों के संडे ड्यूटी दिए जाने पर सहमति जताई। इसके बाद आक्रोशित कर्मी शांत हुए।

प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते बीसीसीएल के आक्रोशित कर्मी

तेतूलमुड़ी 22/12 बस्ती में हुई भू धंसान, गैराज जमींदोज

आजाद सिपाही संवाददाता

सिजुआ/कतरास। बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के तेतुलमुड़ी 22/12 बस्ती में रविवार को एक बार फिर जोरदार आवाज के साथ भू धंसान की घटना हुई। इससे बड़ा गोफ बन गया डिसमें स्थानीय निवासी वाजिद अंसारी का गैराज समा गया। साथ ही उसके घर के अलावा आसपास के कई घरों में भी मोटी दरारे पड़ गई। पीड़ित ने जोगता पुलिस को दिए लिखित शिकायत में बताया कि गैराज का एक बड़ा हिस्सा गोफ में समा गया है। जिस कारण गैराज में रखी एक पूरानी बाइक, बिजली मरम्मति के टूलकीट, सेफ्टी बेल्ट आदि सामान जमींदोज हो गया। इससे उसे करीब दो से ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, बगल के रहने वाले व्यवसाई मो इस्तियाक अंसारी के घर में भी दरार पड़ गया है। दीवारे इस कदर क्षतिग्रस्त हुई हैं कि कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकता है। दूसरी ओर, ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के बगल में ही चल रही आउटसोर्सिंग पैच में सुरक्षा के मानकों को दरकिनार कर हैवी ब्लास्टिंग किया जाता है। जिस कारण आये दिन कोई न कोई घटना घटते ही रहता है। गैराज के आसपास घनी आबादी है। गैराज के वजाय यह गोफ यदि आबादी के बीच होती तो कई लोग असमय काल के गाल में समा जाते। फिलहाल इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। दूसरी ओर, स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधक को घटना की जानकारी मिलने के बाद गोफ स्थल को पानी एवं मिट्टी-पत्थर देकर भराई की जा रही थी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से घेराबंदी भी की जा रही है।

हर तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद दिखा पुलिस-प्रशासन, गश्त लगाते दिखे बीडीओ

क्रिसमस पर मैथन डैम में उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। क्रिसमस के मौके पर रविवार को मैथन डैम में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यूं तो सुबह से ही पर्यटकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था पर जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा पर्यटकों की संख्या भी बढ़ती गयी। दोपहर होते-होत डैम, फूल बगान, लो लेवल पंप हाउस क्षेत्र, गोगना छठ घाट और स्पोट्र्स होस्टल का इलाका पर्यटकों से खचाखच भर गया। इस दौरान पर्यटकों ने मैथन की प्रकृति सुंदरता का खूब आनंद लिया। पर्यटकों ने शहीद मीनार, डिअर पार्क, फूल बगान के साथ बोटिंग का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान युवा वर्ग और बच्चों में सेल्फी का खूब क्रेज दिखा।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गस्त लगाते प्रशासनिक अधिकारी।

बोटिंग का आनंद लेते पर्यटक।

मैथन डैम की ओर कतारबद्ध होकर पहुंचते विभिन्न जगहों से आए पर्यटक।

समय पर हुआ वोटिंग बंद

बोट घाट संचालक भी डीवीसी प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी दिशा निर्देश का सख्ती से अनुपालन करते दिखे। एक बोट पर छह व्यक्ति से ज्यादा को सवार नहीं किया जा रहा था। न ही बिना लाइफ जैकेट के किसी को बोट पर सवार होने दिया गया। बोटिंग के दौरान सेल्फी पूरी तरह से वर्जित रही। जिला प्रशासन और डीवीसी प्रबंधन के आदेश का पालन करते हुए शाम 4.30 बजे नाविकों ने बोटिंग बंद कर दी। दूसरी ओर, मैथन डैम के नाविक और आसपास के दुकानदार सहित ठेला और खोमचा लगा कर अपनी जीविका चलाने वालों की चेहरे इस दिन खिले-खिले नजर आए। लगभग तीन वर्षों के बाद रविवार को इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक मैथन डैम पहुंचे थे। अच्छी कमाई होने से दुकानदार काफी खुश नजर आए।

बीडीओ की अगुवाई में होती रही गश्ती

सुबह से ही डैम के आसपास स्थानीय जिला प्रशासन और पुलिस की टीम पूरी तरह मुस्तैद दिखी। बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार व मैथन ओपी प्रभारी खुद डैम व आसपास के क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए। आने जाने वाले पर्यटकों को कोई समस्या ना हो और याजाताय सूचारू रूप से संचालित हो सके इसके लिए काली पहाड़ी चौक से के टाइप होते हुए डैम में प्रवेश एवं गोगना के तरफ से काली पहाड़ी के रास्ते वापस आने की व्यवस्था की गई थी। कालीपहाड़ी चौक पर डीवीसी के सुरक्षाकर्मी व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान ड्यूटी पर तैनात रहे। डैम पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहा। डैम के समीप सीआईएसएफ के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी।

तेनुघाट मुखिया ने किया डैम पर लगे मेले का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। क्रिसमस के अवसर पर तेनुघाट डैम में रविवार को मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने मेला का उद्घाटन किया। यह मेला डैम डिवीजन के स्पेलवे के पास लगाया गया है। मेले में मिक्की माउस, रबड़ जंप, खिलौने, चाट-चौमिन, चिल्ली, आइसक्रीम, डोसा, इडली की दुकानें आदि लगाई गई है। मुखिया नीलम श्रीवास्तव व तेनुघाट थाना प्रभारी सुशील कुमार ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि सामान बेचने के बाद अपने इर्द-गिर्द पूरी सफाई करके जाये। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुन्ना श्रीवास्तव, वीरेंद्र प्रसाद, शैलेश यादव, उदय कुमार, सोनू सिंह, नारायण प्रजापति, संजय यादव, मन्नू ठाकुर आदि मौजूद थे।

इंद्रप्रस्थ पेट्रोलियम पर एक्स्ट्रा ग्रीन की लॉन्चिंग

एक्स्ट्रा ग्रीन इंडियन ऑयल की आधुनिक डीजल है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। क्रिसमस के अवसर पर भारत सरकार की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा राजधानी रांची के प्रसिद्ध इंद्रप्रस्थ पेट्रोल पंप पर नये वेरिएंट की डीजल एक्स्ट्रा ग्रीन की लॉन्चिंग हुई। तेल कंपनियों के झारखंड राज्य समन्वयक एवं इंडियन ऑयल के उप-महाप्रबंधक कौशिक चैटर्जी द्वारा केक काटकर किया गया। इस नये उत्पाद की जानकारी देते हुए श्री चटर्जी ने कहा तय मानकों के अनुसार एक्स्ट्रा ग्रीन के इस्तमाल से ग्राहकों के डीजल और गाड़ियों के रख रखाव के खर्च में कमी आयेगी। क्रिसमस एवं एक्स्ट्रा ग्रीन डे सेलिब्रेशन के अवसर पर अपने वाहनों में एक्स्ट्रा ग्रीन तेल डलवाने वाले ग्राहकों को उपहार भी प्रदान किया गया है। इसके पश्चात श्री चटर्जी ने क्रिसमस केक भी काटा एवं ग्राहकों के बीच उपहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इंडियन ऑयल के प्रबंधक तरण अग्रवाल, सेल्स अफसर खोगेंद्रजीत सिंह, पेट्रोल पंप संचालक सुरेंद्र कुमार राय, पंप प्रबंधक केशव कुमार कमलेश, पेट्रोल पंप स्टाफ उपस्थित थे।

पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने निरीक्षण कर परियोजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड-केरेजांग रेल खंड का निरीक्षण किया और क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और संरचनात्मक कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा श्री सुनकर ने विभिन्न उद्योगों के विभिन्न रेलवे साइडिंग जैसे ब्रंदामल में मेसर्स वेदांत लिमिटेड साइडिंग, लपंगा में भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड साइडिंग, लपंगा में मेसर्स आदित्य एल्यूमीनियम लिमिटेड साइडिंग और सरला क्षेत्रों में फ्रेट परीक्षण सुविधा के साथ आरओएच सुविधा का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने तालचेर-संबलपुर रेल लाइन दोहरीकरण

परियोजना के संबलपुर-संबलपुर सिटी-मानेश्वर दोहरीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस क्षेत्र में रेलवे संरचनात्मक परियोजनाएं गति शक्ति के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिनकी निगरानी सीधे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा की जा रही है। श्री वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों को चालू परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी ताकि ट्रेन यातायात परेशानी मुक्त हो सके। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह और मुख्यालय और संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्षण प्रसाद सिंह की अगुवाई में भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनायी। सभों ने बाजपेयी जी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा नेता श्री सिंह ने बाजपेयीजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियों पर विस्तृत से चर्चा की। उन्होंने उन्हें प्रखर वक्ता, ओजस्वी कवि तथा सौम्य एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व का स्वामी बताया। कहा कि वाजपेयी जी का व्यक्तित्व और कृतित्व सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि स्व बाजपेयी जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने का काम कर रहे हैं। इस दौरान सबों ने टीवी पर प्रसारित हो रहे पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी देखा-सुना। कार्यक्रम में पवन साव, संजय साव, विजय अग्रवाल, अरविंद साव, भीम साव, नकुल राय, अशोक राय, अविनाश कुमार, पवन सिंह, युवा नेता उपेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, शिवशंकर सिंह, श्याम सिंह, अमित कुमार, रामेश्वर साव, मुकेश राय, कपिलदेव राय, सुधीर तिवारी आदि मौजूद थे।

विधानसभा में जनता की आवाज उठाने में डॉ लंबोदर महतो ने रचा इतिहास

क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और राज्य के मुद्दों पर मुखर रहे हैं गोमिया विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पहली बार अधिकारी से विधायक बने गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो अपनी पहचान व्यापक रूप से आम जनों के बीच बनाने में सफल रहे हैं। कई मौके पर उन्होंने जहां विधानसभा में अपने क्षेत्र और राज्य की ज्वलंत मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है, वहीं उनके सवालों पर सरकार को भी जवाब देना पड़ा है। साथ ही सरकार को उनकी कई बातों पर भी संज्ञान लेना पड़ा है। इस क्रम में उन्होंने अपनी राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षमता का परिचय भी दिया है।

डॉ लंबोदर महतो विधानसभा के अंदर और बाहर राज्य के ज्वलंत मुद्दे और अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर मुखर बने रहे हैं। इस क्रम में उनके प्रशासनिक अनुभव भी देखने को मिला है। किसी भी विषय व मुद्दे पर पूरी तैयारी के साथ अपनी बातों को रखते हैं। झारखंड विधानसभा के 19 दिसबंर से 23 दिसंबर तक चले शीतकालीन सत्र में भी डॉ लंबोदर महतो सदन के अंदर और बाहर छाए रहे। उन्होंने कुरमी/कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने से लेकर क्षेत्र की कई समस्याओं को सदन के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर उठाया। उन्होंने सहारा इंडिया में गोमिया विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य के हजारों जमाकताओं के अरबों रुपये फंसे होने तथा इसे लेकर कई जमाकर्ताओं द्वारा आत्महत्या करने का मामला उठाया। उन्होंने राशन डीलरों के मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर भी आवाज उठायी।

बतौर विधायक उन्होंने विधानसभा में जन मुद्दों को उठाने में इतिहास रच दिया है। विधानसभा का अब तक जितने भी सत्र हुए हैं उस सत्र के दौरान उन्होंने सदन के अंदर और बाहर 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने को लेकर पुरजोर तरीके से अपनी आवाज उठायी है। यही नहीं उन्होंने

लगातार विधानसभा परिसर में धरना देकर देशभर में पहला और अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। उन्होंने इस विषय को लेकर बंद हो चुके मुख्यमंत्री प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातों को पुरजोर तरीके से रखा और इसको लेकर मुख्यमंत्री को जवाब भी देना पड़ा था। इसी विषय को उन्होंने संपन्न झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भी पुरजोर तरीके से उठाया। संशोधन विधेयक हो या वाद-विवाद को इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। इस साल के बजट सत्र में उन्होंने बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी पूर्ण शराबबंदी के लिए मद्यपान निषेध विधेयक, बिहार की तर्ज पर ही भ्रष्टाचार एवं आर्थिक अपराध रोकने के लिए झारखंड विशेष न्यायालय विधेयक 2022 विधेयक लाए थे। हर विषय में सबसे ज्यादा प्रश्न उनके द्वारा पूछा गया है। अल्प सूचित, तारांकित, गैर सरकारी संकल्प, निवेदन, शून्यकाल, संशोधन विधेयक हो या वाद-विवाद को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। पिछड़ों को आरक्षण देने की बात हो या ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की बात हो इन दोनों विषयों पर भी उन्होंने लगातार राज्य सरकार को घेरने का काम किया। इसके साथ ही वे जातीय जनगणना कराने की मांग को जोरदार तरीके से उठाते रहे हैं। उन्होंने पारा शिक्षकों की भांति आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, पोषण सखियों, रसोइयों, कृषक मित्रो, मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, प्रखंड कार्य पदाधिकारी, कनीय अभियंता, डीआरडीए कर्मी, बीआरपी सीआरपी को वेतनमान देते हुए सेवा स्थाई करने का मामला भी उठाया है। आबादी के आधार पर ओबीसी को आरक्षण देने, झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बिहार सरकार की तर्ज पर विशेष आर्थिक इकाई एवं विशेष निगरानी टीम का गठन करने को लेकर भी प्रस्ताव लाया। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किए गए मुंडारी, कुडुख, हो, खड़िया व संथाली भाषा की तरह नागपुरी, पंचपरगनिया, कुडमाली, खोरठा भाषा में भी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग को जोर-शोर से रखा। उन्होंने हो चुके पंचायत चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने और मौजूदा समय में होने वाले नगर निकाय चुनाव में भी पिछड़ों को आरक्षण देने की मांग पर मुखर बने हुए हैं। झारखंड आंदोलनकारियों की मान सम्मान को बरकरार रखने और बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने मांग को भी विधानसभा के पटल पर रखा। उन्होंने विधानसभा में प्रश्नकाल, तारांकित, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल अल्पसूचित प्रश्न आदि का प्रयोग किया भरपूर किया।

विधेयकों पर चर्चा की बात हो या फिर उसे प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव, विधेयक के गुण-दोष पर अपनी बात रखने से नहीं चूकते। उन्होंने सतही व हल्की बातें कह कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने कोशिश नहीं की। जब भी उन्होंने अपनी बातें कही है, तो उसमें विषयों की गंभीरता दिखती है। उन्होंने न केवल झारखंड में बल्कि विदेशों में भी संसदीय प्रक्रियाओं के जानकारों के रूप में अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने कनाडा के हेलीफैक्स में गत 20 से 26 अगस्त तक आयोजित 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। वहां प्रतिनिधित्व करनेवाले डॉ लंबोदर महतो झारखंड के इकलौते विधायक थे।

पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' तीसरी बार बने नेपाल के प्रधानमंत्री

काठमांडू। नेपाल में रविवार को विपक्षी सीपीएन-यूएमएल और अन्य छोटे दलों ने सीपीएन-माओवादी सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को अपना समर्थन दिया है, जो तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने हैं। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले विपक्षी सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन-माओवादी सेंटर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और अन्य छोटे दलों की बैठक में 'प्रचंड' के नेतृत्व में सरकार बनाने पर सहमति बनी। सीपीएन-एमसी देब के महासचिव गुरुंग ने कहा कि सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन-एमसी और अन्य पार्टियां संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के तहत 165 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ राष्ट्रपति कार्यालय 'शीतलनिवास' में प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने का दावा करने के लिए तैयार हैं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**